डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
23 मार्च 2024 शनिवार

**आज का मौसम**
32 अधिकतम
18 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो


Page- 7

## भोजशाला में दूसरे दिन भी सर्वे, रिकार्डिंग कर रही टीम



**धार एजेंसी।** भोजशाला में सर्वे के लिए पुरातत्व विभाग की टीम ने आज फिर प्रवेश किया, सुबह 8 बजे से यह प्रक्रिया शुरू की गई है। वैज्ञानिक सर्वे के लिए विशेष रूप से कई तकनीकी उपकरणों को लेकर यह टीम अंदर पहुंची है। माना जा रहा है कि आज सर्वे के तहत कहीं महत्वपूर्ण पहलुओं पर कार्य किया जाएगा। वही हिंदू संगठन की ओर से गोपाल शर्मा और आशीष गोयल ने भी प्रवेश कर लिया है। जबकि मुस्लिम समाज की ओर से सदर पहुंचे हैं। गोयल ने बताया कि टीम को हिंदू देवी-देवताओं के चिह्न मिले हैं। इतिहास में वर्णित है कि यह कक्ष गणपति मंदिर हुआ करता था। हिंदू पक्ष प्रतिनिधि शर्मा ने बताया कि भोजशाला परिसर में ज्ञानवापी की ही तरह एक बावड़ी है। यह मुख्य परिसर से बाहर है, लेकिन 50 मीटर के दायरे में ही है। यहां भी महत्वपूर्ण प्रमाण मिलने की संभावना को देखते हुए टीम बाहरी भाग का निरीक्षण करेगी।

पहले दिन के सर्वे में टीम ने भोजशाला की लंबाई-चौड़ाई और क्षेत्रफल को भी नापा। इसी के साथ ही परिसर में कहां-कहां खुदाई की आवश्यकता है और किन-किन उपकरणों का उपयोग सर्वे में होगा, टीम यह तय करेगी। प्रारंभिक रूप से तीन से अधिक स्थानों पर खोदाई की संभावना बताई है।

उल्लेखनीय है कि कल शुक्रवार को धार में सूर्योदय का समय 6.22 बजे था। 6.23 बजे टीम के प्रोफेसर आलोक त्रिपाठी, डा.भुवन विक्रम, डा. मनोज कुर्मी सहित उनके करीब 20 से ज्यादा सहायकों की टीम ने परिसर में प्रवेश किया था। उन्होंने सबसे पहले परिसर की वास्तु कला को देखा। इसके बाद अभिलेखों और प्रतीक चिह्नों की रिकार्डिंग की।

## सीएम ने दी भगोरिया की बधाई, झाबुआ पहुंचे



**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने होली और भगोरिया के पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के मालवा और निमाड़ अंचल में प्रचलित भगोरिया की गौरवशाली परंपरा है। यह लोक जीवन से जुड़ी अतीत की एक परंपरा है, जो देव संस्कृति को भी स्थापित करती है। सीएम आज रतलाम झाबुआसंसदीय क्षेत्र के दौरे पर भी हैं वे अलीराजपुर व बडवानी भी जायेगे। **उधर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना** लोकसभा के आज से चार दिवसीय प्रवास पर पहुंच रहे हैं। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हो रहे हैं। वे यहां से भाजपा उम्मीदवार भी हैं लिहाजा कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। गुना लोकसभा से प्रत्याशी घोषित होने के बाद यह उनका दूसरा दौरा है।

## बूचड़खानों पर सुबह 4 बजे छापे

**उज्जैन।** नगर निगम एवं पुलिस टीम ने आज तड़के 4 बजे अवैध रूप से संचालित होने वाले बूचडखानों पर छापेमार कार्रवाई की है। ग्यारह स्थानों पर दबिश देते हुए 60 पाड़ों को जब्त किया है। इसके अलावा एक क्विंटल से ज्यादा कटा हुआ मांस फ्रीजर से बरामद किया है। कार्रवाई में दर्जनों नगर निगमकर्मी तथा पुलिसकर्मी शामिल थे। महाकाल पुलिस के मुताबिक लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि बेगमबाग, तोपखाना तथा खंदार मोहल्ला क्षेत्र में अवैध बूचडखाने संचालित हैं। यहां पाड़ों को काटकर उनके मांस विक्रय किया जाता है। इस पर शनिवार तड़के करीब 4 बजे नगर निगम और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बूचड़ खानों पर दबिश दी है।

### छापेमारी... आप विधायक पर ईडी का छापा, केजरीवाल की पत्नी ने संभाला मोर्चा...

## शराब घोटाले में चंदे की एंट्री, सरकारी गवाह की कंपनी ने भाजपा को दिए 59cr

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आज ईडी की टीम ने आम आदमी पार्टी के विधायक गुलाब सिंह पर भी शिकंजा कसते हुए कई ठिकानों पर छापेमारी की है। उधर आज ईडी रिमांड पर केजरीवाल का पहला दिन है, माना जा रहा है कि ईडी उनसे व अन्य नेताओं का आमना सामना करा सकती है। उधर केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर है। आज दिल्ली सरकार में मंत्री और आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पूरे मामले को चुनावी चंदे से जोड दिया और कहा कि सरकारी गवाह के बयान के आधार पर केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया, उसकी कंपनी ने भाजपा को मोटा चंदा दिया है। इधर केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने आज जेल में बंद पति का संदेश दिल्ली वालों को पढ़कर सुनाया।




वही आतिशी ने कहा कि उत्पाद शुल्क नीति के मामले में एक सवाल लगातार उठता रहा है कि पैसे का रास्ता कहां है, शराब कारोबारी ने किसे और कहां भुगतान किया? मगर ईडी मनी ट्रेल को स्थापित नहीं कर पाई है, सिर्फ बयान के आधार पर गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी शरथ रेड्डी के ही बयान पर आधारित है। शराब घोटाले में आरोपी अरबिंदो फार्मा के एमडी शरथ रेड्डी सरकारी गवाह हैं। रेड्डी एपीएल हेल्थकेयर जैसी फार्मा कंपनियां भी चलाते हैं, उनको 9 तारीख को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, नवंबर 2022 उन्होंने कहा था कि मैं अरविंद केजरीवाल से नहीं मिला हूं, अगले दिन उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। फिर महीनों बाद उन्होंने अपने बयान बदल दिए और उन्हें जमानत मिल गई । आतिशी ने दस्तावेज दिखाते हुए कहा कि रेड्डी की कंपनियों ने भाजपा को इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए 4.5 करोड़ रुपये दिया। इंडो फार्मा, एपीएल हेल्थकेयर के मालिक रेड्डी ने चुनावी बॉन्ड के रूप में पैसे दिए. गिरफ्तारी के बाद रेड्डी की कंपनियों ने 55 करोड़ रुपये का चुनावी चंदा दिया। सारा पैसा चुनावी बॉन्ड के रूप में बीजेपी के खातों में गया। वहीं आज सुबह से ही ईडी की टीम आप विधायक गुलाब सिंह के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है और खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी है। अभी यह सामने नहीं आया है कि गुलाब सिंह पर किन मामलों के तहत ईडी की छापेमारी चल रही है।

### महुआ मोईत्रा पर सीबीआई ने की छापेमारी



वहीं सीबीआई आज तृणमूल सांसद रहीं महुआ मोइत्रा से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। यह कार्रवाई 'पैसे लेकर सवाल पूछने' से जुडी है। जांच एजेंसी कोलकाता समेत कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। दो दिन पहले ही उनके खिलाफ सीबीआई ने रेगुलर केस दर्ज किया था। दिल्ली से सीबीआई की एक टीम महुआ के पिता के दक्षिण कोलकाता के अलीपुर इलाके स्थित फ्लैट पर पहुंची है। लोकपाल ने 'पैसे लेकर सवाल पूछने' के मामले में सीबीआई को महुआ मोइत्रा के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज कर जांच की जाए. इसके साथ ही लोकपाल ने जांच एजेंसी को छह महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा है।लोकपाल ने कहा है कि रिकॉर्ड पर मौजूद पूरी जानकारी का सावधानी से मूल्यांकन करने के बाद कोई संदेह नहीं रह जाता है कि महुआ के खिलाफ लगाए गए आरोप, जिनमें से अधिकांश में ठोस सबूत हैं।

***रूस की राह पर देश:*** *छापेमारी पर दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि न केवल भारत बल्कि दुनिया भर के लोगों को पता चल गया है कि भाजपा सरकार पूरे विपक्ष को जेल में डालने में व्यस्त है। ये देश रूस की राह पर चल रहा है। सौरभ दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अब तानाशाही की राह पर है ।*

***कोई भी हो सकता है गिरफ्तार:*** *दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी पर केंद्र सरकार को घेरा है। संजय राउत ने सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में कोई भी सुरक्षित नहीं है, यहां कभी भी किसी की भी गिरफ्तारी हो सकती है।*

### सीएआरए रिपोर्ट का दावा

## देश में गोद लेने के लिए लड़कों के बजाय बेटियां पहली पसंद

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

महिला सशक्तिकरण के दौर में अब देश में गोद लिए जाने वाले लड़कों की तुलना में बेटियों को अधिक प्राथमिकता दी जा रही है। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए) रिपोर्ट बताती है कि पिछले 10 वर्षों में, गोद लिए गए बच्चों में से 80 फीसदी लड़कियां थीं। इसके अलावा, गोद लिए गए सभी बच्चों में से 80 फीसदी 0-2 आयु वर्ग के थे। 2021 और 2023 के बीच 11 राज्यों में 18 वर्ष की आयु तक, दोनों लिंग के कुल 15,536 बच्चों और युवाओं को हिंदू दत्तक तथा भरण-पोषण अधिनयम (एचएएमए) के तहत गोद लिया गया। इस अवधि के दौरान माता-पिता ने 6,012 लड़कों की तुलना में 9,474 लड़कियों को गोद लिया। पिछले दो साल में हिंदू अडॉप्शन और मेंटिनेंस एक्ट के तहत बच्चा गोद लेने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही देश में लड़कियों को गोद लेने की प्राथमिकता में उल्लेखनीय झुकाव देखा गया है।



## अमेरिका को रूस पर थी हमले की जानकारी, चेताया भी था

**मास्को , एजेंसी।**

रूस की राजधानी मॉस्को के आतंकवादी हमले में अब तक 60 से अधिक लोगों की मौत की आशंका है। करीब डेढ सौ लोग घायल हैं। हमले को लेकर अमेरिका ने एक बड़ा दावा किया है। उसका कहना है कि उसने मॉस्को पर होने वाले हमले को लेकर रूस को पहले ही चेतावनी दी थी। उन्होंने आगे कहा, 'इस महीने की शुरुआत में अमेरिका सरकार को जानकारी मिली थी कि आतंकवादी मॉस्को पर हमला करने की योजना बना रहे हैं। वे किसी सभा या किसी कॉन्सर्ट को निशाना बना सकते हैं। इसी को लेकर विदेश विभाग को रूस में रहने वाले अमेरिकियों के लिए एक एडवायजरी जारी करने के लिए कहा गया था। इस जानकारी को रूसी अधिकारियों के साथ भी साझा की गई थी।'



गौरतलब है, मॉस्को के पास क्रोकस सिटी हॉल में कॉन्सर्ट के दौरान आतंकवादियों ने लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। आतंकियों ने विस्फोटक से हॉल में धमाका भी किया, जिससे वहां आग लग गई। आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने हमले की जिम्मेदारी ली है। जबकि पूर्व रूसी राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने कहा है कि मॉस्को कॉन्सर्ट स्थल पर हुए आतंकवादी हमले के अपराधियों पर बिना किसी दया भाव के कार्रवाई की जानी चाहिए।

## गोविंदा राजनीति की दूसरी पारी शिवसेना के साथ खेलेंगे



**मुंबई।** अभिनेता गोविंदा एक बार फिर राजनीतिक पारी का आगाज करने वाले हैं। खबरें हैं कि उन्होंने महाराष्ट के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की है। इससे पहले प्रिया दत्त्त के भी कांग्रेस के बजाए शिंदे की शिवसेना से जुड़ने की खबरें आ चुकी हैं। इस मुलाकात के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। शिवसेना सूत्रो का कहना है कि वे पार्टी में शामिल हो सकते हैं। गोविंदा 2004 में कांग्रेस की टिकट पर भाजपा के दिग्गज नेता राम नाइक के खिलाफ उतरे थे। उन्होंने मुंबई-उत्तरी लोकसभा सीट से उन्हें हरा दिया था। उसके बाद उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी थी। अब वह मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। उनका सामना शिवसेना (उद्धव गुट) के अमोल कीर्तिकर से होगा।

## मेरठ से अरूण गोविल या विश्वास का नाम!



**मेरठ।** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी में दूसरी लिस्ट को लेकर खींचतान बनी हुई है। इस लिस्ट पर सबकी नजरें हैं क्योंकि कई अहम सीटों और बड़े उम्मीदवारों के नाम पहली लिस्ट में नहीं थे, जिसके बाद से बीजेपी के दिग्गज प्रत्याशियों को लेकर कयास लगने लगे हैं। इस बीच खबर है कि भारतीय जनता पार्टी इस बार के चुनाव में टीवी पर राम का किरदार निभाने वाले ऐक्टर अरुण गोविल और पूर्व आप नेता तथा कवि कुमार विश्वास को भी चुनावी मैदान में उतार सकती है। दोनों के लिए यूपी की दो सीटों पर चर्चा चल रही है।

### मेट्रो एंकर

### न्यूरालिंक चिप से हाथ-पैर चलाने की जहमत तक खत्म...

## मोबाइल-टीवी का काम खत्म, सोचने से होगा काम!

चमत्कार सुनने को मिलता है, लेकिन दुनिया के सबसे बड़े रईस और कारोबारी एलन मस्क ने यह करके दिखा दिया है। मस्क ने एक ऐसा इंसान बना डाला है, जिसके सोचने भर से सारे काम हो जाते हैं। यह न्यूरालिंक चिप तकनीक है। जिसे एक इंसान के दिमाग में फिट किया गया है। न्यूरालिंक चिप को एक लकावग्रास्त व्यक्ति में लगाया गया और उसने शतरंज खेलने का लाइव डेमो दिया। मस्क ने इसे सोशल मीडिया पर शेयर किया है। दरअसल मस्क ने उस व्यक्ति के ब्रेन में न्यूरालिंक चिप का प्रत्यारोपण कर सिर्फ सोच के हिसाब से सिस्टम को मूव करने का लिंक स्थापित किया है।

खबरों की मानें तो 29 साल का एक मरीज, जो दुर्घटना में कंधे के नीचे लकवाग्रस्त हो गया था, उसने अपने लैपटॉप पर शतरंज खेलकर लाइव डेमो दिखाया है। शख्स ने न्यूरालिंक डिवाइस का यूज करके कर्सर घुमाकर दिखाया। इस वीडियो में वह व्यक्ति न्यूरालिंक ब्रेन चिप की मदद से वीडियो गेम और शतरंज जैसे गेम कंप्यूटर पर खेलता हुआ दिख रहा है और वह इस बात की काफी तारीफ कर रहा है कि कैसे इस चिप ने उसकी जिंदगी आसान बना दी है। इस 29 साल के युवक को एक रोड एक्सीडेंट के बाद बिस्तर पर अपना समय गु?ारना प? रहा है। मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर स्ट्रीम किए गए वीडियो शेयर करके बताया की न्यूरलिंक चिप को दिमाग में फिट करने की सर्जरी बेहद आसान थी। वही चिप लगाने के बाद शख्स की एक दिन में अस्पताल से छुट्टी कर दी गई।



### प्रयोग में मिली थी कुछ खामियां

*रिपोर्ट में बताया गया कि न्यूरालिंक चिप लगाने के फायदे और नुकसान की जांच की जा रही है। ऐसे में इस सख्स को विशेषज्ञों की देखरेख में रखा गया है। पिछले माह एलन मस्क के न्यूरालिंक में जानवरों पर किए गए प्रयोग में कुछ खामियां मिली थीं। हालांकि हकीकत यह है कि अभी यह टेस्ट शुरुआती दौर में हैं। हालांकि अगर प्रयोग कई तरह की जांच के बाद पूरी तरह से सही पाया जाता है, तो यह आने वाले दिनों में गैजेट्स की दुनिया में बड़े बदलाव ला सकता है।*



## शहर में होली के रंग





## लठमार होली





होली का त्योहार आते ही कॉलेज में होली उत्सव शुरू छात्राओं ने खेली होली।

जहांगीराबाद स्थित निरंकारी भवन के सामने चल रही भागवत कथा का लठमार होली के साथ समापन हुआ। फोटो निर्मल व्यास

# अब गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ्य रखेगा हर्बल काढ़ा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गर्भवती महिलाओं को हर्बल काढ़ा स्वस्थ्य रखेगा। इसका निर्माण बरखेड़ा पठानी स्थित विंध्य हर्बल यूनिट में किया जाएगा। इसे महिलाएं डिलीवरी के पहले और बाद में उपयोग कर सकेंगी। यह 100 फीसद जड़ी–बूटियों से तैयार होगा। वन विभाग के वनोपज संघ की भोपाल स्थित बरखेड़ा पठानी विंध्य हर्बल प्रसंस्करण यूनिट ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है। यह इस साल के अंत तक बाजार में आ जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि अभी यूनिट में करीब 400 प्रकार की दवाईयां तैयार की जाती है। इन दवाईयों का सबसे अधिक उपयोग राज्य का आयुष विभाग करता है। हाल ही में यूनिट ने करोड़ों रुपये की आयुर्वेदिक दवाईयों की खेप दी है। यही नहीं, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश समेत 10 से अधिक राज्यों के आयुष विभाग मप्र से विंध्य हर्बल उत्पादों से बनी दवाईयों के ग्राहक है।

### जंगलों से मिलती है औषधियां

400 प्रकार की आयुर्वेदिक दवाईयां जंगलों में मिलने वाली औषधियों से बनाई जाती है। जिनका दुष्प्रभाव बिल्कुल भी नहीं होता। ये औषधियां राज्य में जिला स्तर पर कार्यरत सहकारी समितियों के अंतर्गत ग्रामीण परिवार के जरिये जंगलों से मिलती है। यह काम 30 हजार से अधिक श्रमिक काम कर रहे हैं। विभाग विंध्य हर्बल उत्पादों को और अधिक सक्षम बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

# बाल आयोग के पत्र के बाद तीन बच्चियों को किया रेस्क्यू

### जिला प्रशासन की टीम ने की कार्यवाही

**भोपाल।** मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पत्र के बाद जिला प्रशासन की टीम द्वारा राजधानी के लालघाटी स्थित प्लाई ओवर के नीचे से तीन नाबालिग बच्चियों को रेस्क्यू किया गया है। इन बच्चियों को सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। जहां बच्चियों की देख-रेख सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई है। बच्चों की देख-रेख और संरक्षण को देखते हुए बाल आयोग ने जिला कलेक्टर को इस संबंध में पत्र लिखा गया था। आयोग ने अपने पत्र में बताया गया था कि प्लाइ ओवर के नीचे अपने पिता के साथ रहते हैं। बच्चियों की उम्र 10, 5 और डे? वर्ष है। बच्चियों का पिता शराब का अत्यधिक सेवन करता है और मां की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। ऐसे में बच्चियों की सुरक्षा को देखते हुए उन्हे सुरक्षित जगह पर पहुंचाना और उनकी देखरेख व्यवस्था करने की अनुशंसा की थी।

### ऐशबाग थाने में दर्ज हुई शिकायत, आयोग ने मांगी कार्यवाही की रिपोर्ट

# बच्चे को 50 थप्पड़ मारने का आरोप, डीईओ को जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने ऐशबाग थानाक्षेत्र में एक कोचिंग में शिक्षक द्वारा सातवीं के छात्र को 50 थप्पड़ मारने के आरोप के मामले में संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही के सम्बन्ध में तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल शहर के ऐशबाग थानाक्षेत्र में आयुष्मान नाम की कोचिंग के शिक्षक ने सातवीं कक्षा के एक छात्र को मीठी सुपारी खाने को लेकर 50 थप्पड़ मारने के कारण छात्र के गाल पर गंभीर निशान बन गये और उसकी आंखों में खून जम गया। शिक्षक के खिलाफ ऐशबाग थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके साथ ही आयोग ने हबीबगंज थानाक्षेत्र में एक छात्रा के साथ जनत कॉलोनी निवासी एक युवक द्वारा दुराचार कर शादी के वादा से मुकर जाने और उसे छोड़ देने के मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं।





### फिंगर प्रिंट घिसे, आयुष्मान से वंचित हजारों बुजुर्ग

भोपाल शहर में बीते एक माह में हमीदिया अस्पताल सहित मेडीकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों में 35 हजार से ज्यादा आयुष्मान केस रिजेक्ट किये गये हैं। इसका मुख्य कारण फिंगर प्रिंट स्कैन न होना है। बुजुर्गों के फिंगर प्रिंट घिस जाने के कारण उनको आयुष्मान योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मामले में आयोग ने अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सेवायें एवं चिकित्सा शिक्षा, मंत्रालय, भोपाल तथा आयुक्त, संचालक, स्वास्थ्य सेवायें एवं चिकित्सा शिक्षा, मंत्रालय, भोपाल को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड धारकों को फिंगर प्रिंट स्कैन न हो सकने के कारण सुविधा से वंचित न हो सकने के लिये अन्य उपलब्ध वैकल्पिक उपायों, रेटिना स्कैन, फेस इंप्रेशन, आदि के उपयोग की संभावना के संबंध में की गई कार्यवाही के बारे में जवाब मांगा है।

### शिक्षक भर्ती

### नियुक्ति को लेकर विस अध्यक्ष ने लिखा सीएम को पत्र

**भोपाल।** प्राथमिक शिक्षक भर्ती-2020 की नियुक्ति को लेकर मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। पत्र में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा है कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती-2020 में बिना किसी कारण ओबीसी के 800 नियुक्ति आदेश रुके हुए हैं, उनको जारी किए जाने एवं जिन समस्त वर्गों के अभ्यर्थियों का जिला च्वाईस फिलिंग 2400 वेटिंग हो चुकी है उनको नियुक्ति दिलाये जाने का निवेदन मप्र प्राथमिक शिक्षक उत्तीर्ण संघ के संयोजक मंगल सिंह के द्वारा किया गया है। आग्रह है कि उपरोक्त संबंध में आवश्यक आदेश प्रदान किए जाएं।

# आशीर्वाद समारोह: ज्ञान ज्योति सीनियर्स ने जूनियर्स को सौंपी

### स्कूली की मिठी यादों को जीवन रखे साथ

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

स्कूली जीवन की यादों को लेकर संस्कार स्कूल के बारहवीं के स्टूडेंट्स ने विदाई ली। आशीर्वाद समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। ज्ञान ज्योति सीनियर्स ने जूनियर्स को सौंपकर विद्यालय की गरिमा और अनुशासन का वादा लिया। कार्यक्रम में रिटायर्ड कर्नल नारायण पारवानी, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, उपाध्यक्ष सुरेश राजपाल, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, लेखा परीक्षक पुरूषोत्तम टिलवानी, सदस्य श्री नारायणदास लालवानी, राजकुमार झमटानी, शिक्षाविद् विष्णु गेहानी, श्री निमेश सेठ धर्मप्रकाश मोटवानी, विद्यालय के पूर्व छात्र श्री मोहित शेवानी, शुभम नाथानी अतिथि के रूप में शामिल हुए।





अतिथियों ने कहा कि कहा कि इस विद्यालय में आपके कुछ अच्छे और कुछ बुरे दोनों प्रकार के अनुभव होगे मैं चाहता हूं कि आप बुरे अनुभव यहाँ छो?कर अच्छे अनुभव को अपने साथ लेकर जाएं जो आपको जीवन में आगे ले जा सकें हम आपके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। अब आप नया सफर शुरू करने वाले है, कॉलेज में कोर्स पूरी तरह सोच समझकर लें।

इस अवसर पर 12वीं के विद्यार्थियों ने 11वीं के विद्यार्थियों को ज्ञान ज्योति सौंपी और विद्यालय की गरिमा एवं अनुशासन का वादा लिया। 11वीं के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर गीत एवं नृत्यों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में संस्था के चन्दर नागदेव ने ने आभार प्रदर्शन किया।

### बॉक्सिंग कोच सोनम का सम्मान होगा

**हिरदाराम नगर।** बजरंग सेना समिति बॉक्सिंग कोच सोनम नायक का सम्मान करेगी। 24 मार्च को सुबह 10 बजे मां गायत्री मंदिर सैनिक कॉलोनी में 'होली के रंग भोले बाबा के संग' कार्यक्रम में सम्मान किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि सोनम को कई अवार्ड्स विजेता हैं। स्पोटस अथोरिटी ऑफ इण्डिया, नेताजी सुभाषचंद्र नेशनल इंण्टीटयूट ऑफ स्पोटस, पटियाला, मुख्यमंत्री राज्य खेल से सिल्वर मेडल, एम.पी स्टेट बाक्सिंग चेम्पियनशिव से गोल्ड मेडल, सेंट्रल इण्डिया बाक्सिंग चेम्पियनशिप उत्तराखंड से सिल्वर मेडल, सेंट्रल इण्डिया बाक्सिंग चेम्पियनशिप उत्तराखंड से गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।

# गृहिणी महिलाओं ने बिग मेम साहब के मंच पर दिखाया अपना जलवा



### 18 से 80 वर्ष की महिलाएं उतरीं शो के मंच पर

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

लालघाटी स्थित प्लेहोटल इन अरिया में महिलाओं के लिये बिग मेमसाहब टैलेंट शो आयोजन किया गया। इस शो की ख़ास बात यह रही कि इसमें भाग लेने वाली सभी महिलायें गृहिणी थी, जिन्होंने मंच पर अपनी कौशल कला का प्रदर्शन किया।

शो की शुरुआत फैशन शो से हुई जिसमें महिलाओं द्वारा आकर्षण परिधान पहन रैंप वॉक किया और फैशन का जलवा बिखेरा, इसके साथ ही महिलाओं ने डांसिंग, सिंगिंग जैसी अनेक विधाओ में भाग लेकर अपनी कला का जौहर दिखाया। कार्यक्रम के आयोजकि आनंद सबधानी एवं निधि शराफ़ ने बताया कि भोपाल में शहर में यह पहला मौक़ा है जब इस तरह का आयोजन किया गया है जिसमें 18 से 80 वर्ष तक की महिलाओं ने अपने अंदर छुपी कला का मंचन आज इस मंच के माध्यम से किया। इस बिग मेमसाहब कार्यक्रम में 45 महिलाओं ने भाग लिया, इस अवसर पर भाग लेने वाली महिलाओं के परिवार वाले भी उनका हौसला अफजाई करने के लिए विशेष रूप से उपस्थित हुए थे।

इस कार्यक्रम में संत नगर, लालघाटी, गाँधी नगर, पंचवटी, दाता कॉलोनी, विजय नगर, ईदगाहिल्स, कोहफ़िज़ा, जेल रोड, ग्रीन एकर्स आदि की महिलायें शामिल हुई थी।

**मेट्रो एंकर**

### निगम ने दोपहर में हटाया, शाम को फिर हो गया कब्जा

# अतिक्रमण से परेशान शिव मंदिर के गेट पर डाला ताला

### पंचायत ने बुलाई आज बैठक, सीएम हेल्प लाइन में शिकायत

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

शिव मंदिर गोल चक्रा के आसपास अतिक्रमण कर कारोबार करने वालों मंदिर बंद करने के फैसले के बाद कार्रवाई की गई। कार्रवाई के कुछ देर बाद ही फिर अतिक्रमण हो गया। मंदिर प्रबंधन समिति ने फैसला किया है,जब तक मंदिर के आसपास से दुकानदार नहीं हटाए जाते, तब तक केवल आरती कर मंदिर को बंद कर दिया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर नहीं खुलेगा, क्योंकि कब्जों से श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है।

उपनगर के मुख्यमार्ग पर मंदिर के आसपास रंगों-पिचकारी की दुकान लगाने वालों से पुजारी के विवाद के बाद मंदिर को शुक्रवार को बंद करने का फैसला लिया गया था। सुबह पांच बजे आरती के बाद मंदिर का गेट बंद कर श्रद्धालुओं की सूचना के लिए मंदिर अतिक्रमण की समस्या के चलते बंद रहने की सूचना लगा दी गई थी।

दोपहर में नगर निगम अमले ने आकर दुकानदारों को हटा दिया। इस दौरान दुकानदारों ने विरोध भी किया। कार्रवाई के कुछ देर बाद फिर दुकानदार आकर डट गए, जिसके चलते शाम को भी मंदिर नहीं खुला सका। मंदिर के सेवादारी राम मोरंदानी ने कहा दुकानों से आवाजाही प्रभावित हो रही है और मंदिर की गरिमा भी। सीएम हेल्प लाइन में शिकायत की गई है। दुकानदारों ने पुजारी से दुर्व्यहार किया है।





### पुजारी ने बताया

मंदिर के पुजारी देव कृष्ण शर्मा ने कहा, सुबह मैंने आरती के बाद मंदिर बंद कर दिया था। श्रद्धालुओं को दुकानों से परेशानी हो रही है। आपत्ति करने पर दुकानदारों ने गाली गलौच की है। मंदिर में सुबह-शाम केवल आरती होगी। हमेशा के लिए दुकानें हटने के बाद ही मंदिर नियमित रूप से श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा।

### क्या है मामला

मंदिर के आसपास होली का बाजार लग हुआ है। दो-तीन दिन से रंग गुलाल पिचकारी बेची जा रही है। गुरूवार को मंदिर की ओर से आपत्ति के बाद दुकानदारों ने कपड़े के शेड तो हटा लिए थे। लेकिन कारोबार कर रहे हैं। दुकानदारों का तर्क है दो-तीन दिन का बात है माल नहीं बेच पाए तो नुकसान होगा।

# कंडों की होली जलेगी संतनगर के स्कूल में

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल के मैदान पर 24 मार्च को शाम 5 बजे कंडों की होलिका का दहन किया जाएगा। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए वनों को सुरक्षित रहना जरूरी है। होलिका दहन पर गोकाष्ट एवं कंडों का प्रयोग करके पर्यावरण को शुद्ध रखा जा सकता है। संतनगर में सालों से कंडों की होली चलाई जाती है। वहीं ज्वाला कान्वेंट स्कूल में प्री होली सेलिब्रेशन प्रोग्राम

## छोटी-बड़ी खबरें

### गोविंदपुरा, मध्य में बड़ी, हुजूर-बैरसिया में होगी नुक्कड़ सभाएं

भोपाल, दोपहर मेट्रो। आम जनता को संबोधित करने के लिए नेताओं की नुक्कड़ सभाएं होगी। जिसकी तैयारी प्रशासन कर रहा है। बता दें राजधानी में देश-प्रदेश के बड़े नेताओं की सभाएं गोविंदपुरा, मध्य विधानसभा में ज्यादा होंगी, जबकि नरेला, हुजूर में नुक्कड़ सभाओं की संख्या अधिक रहेगी। प्रशासन ने जिन बड़े मैदानों को तय किया है, उनमें 50 फीसदी से ज्यादा इन दो विधानसभाओं में ही है। गोविंदपुरा में जंबूरी मैदान, भेल दशहरा मैदान है, जबकि मध्य में लालपरेड, बिट्टन मार्केट जैसे मैदान है। छोटी नुक्कड सभाओं के लिए हुजूर विधानसभा में क्षेत्र के चौराहे, सड़कों के साथ छोटे मैदान मिलाकर 44 तय किए गए हैं। नरेला विधानसभा में भी 66 जगह तय की है। छोटी सभाओं के लिए सबसे कम जगह दक्षिण पश्चिम में महज दो जगह है, जबकि गोविंदपुरा में महज सात है। उत्तर में सात व मध्य में 16 जगह तय की है। इसके अलावा बैरागढ़ दशहरा मैदान, कोलार का बंजारी मैदान के साथ अशोका गार्डन व करोंद चौराहा भी बड़ी सभा के लिए तय किया है।

### चुनाव प्रचार से जुड़े फ्लेक्स, होर्डिंग के लिए निगमायुक्त की अनुमति जरूरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो। चुनावी प्रचार के लिए उपयोग होने वाले होर्डिंग प्रचार सामग्री के लिए निगम सीमा में निगमायुक्त की अनुमति जरूरी है। इसे लेकर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने नगर निगम, भोपाल द्वारा व्यावसायिक उद्देश्य से फ्लेक्स, होर्डिंग, बैनर लगाने के लिए स्थल चिन्हित किए हैं। इन चिन्हित स्थलों पर लोकसभा निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों के द्वारा प्रचार-प्रसार के लिए आवेदन प्राप्त होने पर अनुमति के लिए आयुक्त नगर निगम, भोपाल को अधिकृत किया जाता है।

### पहले चरण का रेंडमाइजेशन पूरा

भोपाल, दोपहर मेट्रो। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश के 52 जिलों में प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी हो गई। ईवीएम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों, कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारियों की मौजूदगी में हुई। बता दें 21 मार्च को 34 जिलों में रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया की गई थी और शेष बचे 18 जिलों में की गई।

# आयोग की निगरानी पहले से सख्त, लेकिन आज से 3 दिन तक जमा नहीं होंगे नामांकन

## अवकाश के चलते जमा नहीं होंगे नामांकन, अब 26 व 27 मार्च जमा कर सकेंगे



**भोपाल, दोपहर मेट्रो। चुनाव आयोग की सख्ती लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले एक सप्ताह में 14 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। इसमें अवैध रूप से परिवहन की जा रही नगदी के साथ-साथ सोना, चांदी, अवैध ड्रग्स, शराब आदि शामिल है। इधर सख्ती के बीच आयोग आज से अगले 3 दिन तक नामांकन पत्र जमा नहीं करेगा। प्रत्याशी केवल प्रचार-प्रसार कर सकेंगे। अब 26 व 27 मार्च को ही बचे प्रत्याशी 6 सीटों पर नामांकन जमा कर सकेंगे। असल में प्रदेश की छिंदवाड़ा, बालाघाट, शहडोल, मंडला, सीधी और जबलपुर सीट पर नामांकन भरे जाने की प्रक्रिया चल रही है जो शनिवार से 3 दिन तक अवकाश के कारण बंद कर दी है।**

आयोग के मुताबिक 23 मार्च को चतुर्थ शनिवार है इसलिए निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट के तहत अवकाश है। 24 और 25 मार्च को सार्वजनिक अवकाश है इसलिए नामांकन जमा नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 27 मार्च तय की है। उल्लेखनीय है कि इन 6 सीटों पर 27 मार्च को शाम 5 बजे तक नामांकन जमा होंगे। भरे गए नामांकनों की जांच 28 मार्च की शाम 5 बजे तक होगी। इच्छुक प्रत्याशी 30 मार्च की शाम तक नामांकन वापस ले सकेंगे। इन 6 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। प्रदेश में कुल 4 चरणों में चुनाव होने है। दूसरे चरण की प्रक्रिया 28 मार्च से शुरू होगी और 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। तीसरे चरण की प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू होगी और 7 मई को वोटिंग होगी। आखिरी और चौथे चरण का चुनाव 13 मई को होगा। इसके लिए नामांकन जमा करने की प्रक्रिया 18 अप्रैल से शुरू हो जाएगी।

### ये निर्देश भी दिए

- प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करने के लिए अधिकतम 3 वाहन व स्वयं के सहित अधिकतम 5 लोगों की अनुमति होगी।
- नाम निर्देशन पत्र के साथ आपराधिक प्रकरणों की जानकारी भी देनी होगी।
- प्रदेश में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। अभ्यर्थियों, राजनीतिक दलों एवं राज्य तथा केन्द्र सरकारों पर आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान लागू है। सभी जिलों में कंट्रोल रूम एवं शिकायत सेल क्रियाशील कर दिए हैं। सभी लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में संपत्ति विरुपण के विरूद्ध कार्रवाई सतत जारी है।

### 95 लाख से ज्यादा खर्च किए तो चलेगा आयोग का डंडा

प्रत्याशी लोकसभा चुनाव पर अपने क्षेत्र में 95 लाख रुपये से ज्यादा खर्च नहीं कर सकेंगे। इस लिमिट को क्रास करने वाले प्रत्याशियों पर आयोग का डंडा चलेगा। साथ ही फजीहत में पड़ जाएंगे। आयोग खर्चे पर कड़ी निगरानी रख रहा है। इस संबंध में मिलने वाली सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। आयोग ने कह दिया है कि चुनाव लड़ रहे हैं तो अलग बैंक खाता खुलवा लें। साथ ही रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में प्रतिदिन किए जाने वाले खर्च का लेखा जोखा रखें। आयोग के मुताबिक सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट अभ्यर्थी के निर्वाचन खर्च में जुड़ेंगे। यह नियम पूर्व में मुद्रित की गई उन सामग्रियों पर लागू होगा जो अब प्रकाशित की जा रही है।

### पत्रकारों को दी सुविधा

आयोग ने पत्रकारों को पहली बार बैलेट पेपर से वोटिंग की सुविधा दी है। यह सुविधा उन पत्रकारों को मिलेगी, जो लोकसभा चुनाव ड्यूटी कर रहे होंगे। इसके लिए आयोग से जारी चुनाव ड्यूटी परिचय पत्र होना चाहिए।

### वनकर्मियों को चुनाव ड्यूटी से राहत मिली

भोपाल दोपहर मेट्रो। मप्र के वन विभाग के कार्यपालिक अधिकारियों और कर्मचारियों को अब चुनाव ड्यूटी से मुक्ति मिल गयी है। चुनाव आयोग के निर्देश के बाद अब वन विभाग के क्षे?त्रीय वनमंडलों, अभयारण्यों,राष्ट्रीय उद्यानों, व टाइगर रिजर्व में पद्स्थ वन अमले को लोकसभा चुनाव में चुनाव कार्य संबंधी ड्यूटी पर नहीं लगाया जा सकेगा। विभाग का भी मानना है कि फरवरी के बाद वनों में आग लगने की घटना में इजाफा होता है लिहाजा ऐसे मौकों पर कर्मचरियों और अधिकारियों का ड्यूटी पर मौजूद रहना जरूरी होता है। उल्लेखनीय है कि मप्र कर्मचारी मंच लंबे समय से वन अमले को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग विभिन्न स्तरों पर कर रहा था। मंच के अध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा है कि ताजा आदेश के बाद अब वन अधिकारी कर्मचारी वनों की सुरक्षा व अन्य कार्यो को भलीभांति कर सकेंगे।

# बीयू ने तैयार किया हेयर रिमूवल आयुर्वेदिक फार्मूला, केंद्र से मिला पेटेंट

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के फार्मेसी विभाग ने हेयर रिमूवल के लिए आयुर्वेदिक फार्मूला तैयार किया है। इसे भारत सरकार द्वारा पेटेंट भी मिल गया है। इस शोधकार्य को शोधार्थी स्टेफी थामस ने डॉ. अश्विनी मिश्रा एवं विभागाध्यक्ष प्रो. रागिनी गोथलवाल के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। यह फामूर्लेशन इसलिए भी विशेष है क्योंकि इस फामूर्ले से बाल आसानी से कुछ ही पलों में किसी टिश्यू पेपर से साफ किए जा सकेंगे। इससे त्वचा को कोई नुकसान नहीं होगा। ये न केवल शरीर से बाल हटाता है, बल्कि त्वचा संबंधित समस्या जैसे ब्लैक हैड रिमूवल के लिए भी उपयोगी है। साथ साथ ये, माइस्चरीसिंग इफेक्ट एंड क्लीनिंग इफेक्ट के अतिरिक्त गुण के साथ है। विभाग के इस महत्वपूर्ण शोध कार्य के लिए बीयू के कुलपति प्रो. एसके जैन ने बधाई दी है।

### एनआईटीटीटीआर और यूनिवर्सिटी बडोदरा के बीच हुआ एमओयू

## सभी संस्थानों, इंडस्ट्रीज की विशेषज्ञता एवं संसाधनों का परस्पर सहयोग जरूरी: प्रो. सीसी त्रिपाठी

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) ने गतिशक्ति यूनिवर्सिटी बडोदरा (सेंट्रल यूनिवर्सिटी ,मिनिस्ट्री ऑफ रेलवेज ) एमओयू किया है। इस एमओयू पर एनआईटीटीटीआर के निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी एवं गतिशक्ति यूनिवर्सिटी ब?ेदरा के वाईस चांसलर डॉ मनोज चैधरी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एनआईटीटीटीआर के निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने कहा कि आज चुनौतियों को अवसर में बदलने हेतु सभी संस्थानों, इंडस्ट्रीज की विशेषज्ञता एवं संसाधनों का परस्पर सहयोग जरूरी है। समझौता ज्ञापन के माध्यम से नेशनल एजुकेशन पालिसी 2020 की मूल भावना के उद्देश्यों की पूर्ति करने की दिशा में आपस में मिलकर मल्टीडिसीप्लिनरी एप्रोच के साथ काम करेंगे। गतिशक्ति यूनिवर्सिटी बडोदरा के वाईस चांसलर डॉ. मनोज चैधरी ने अपने सन्देश में कहा कि हम इस समझौते से सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने हेतु प्रयास करेंगे। गतिशक्ति यूनिवर्सिटी ब?ेदरा ट्रांसपोर्ट एवं लॉजिस्टिक क्षेत्र में भारत का पहला केंद्रीय विश्वविद्यालय है।

# चुनाव होने के कारण राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा अब 23 जून को

भोपाल, दोपहर मेट्रो।



पूरे प्रदेश में अप्रैल-मई में अलग-अलग तारीखों पर मतदान होना है। जबकि परीक्षा एक साथ एक ही दिन सभी जिलों में आयोजित की जानी है। ऐसे में पीएससी ने परीक्षा को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। परीक्षा 110 पदों के लिए होनी है। बता दें 18 अप्रैल से शुरू होने वाले राज्य सेवा परीक्षा के इंटरव्यू पर चुनाव प्रक्रिया का कोई असर नहीं पड़ेगा। दरअसल, मप्र लोक सेवा आयोग ने 2 जून को होने वाली सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा को स्थगित कर दिया है। वहीं 28 अप्रैल को होने वाली एमपीपीएससी की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा अब 23 जून को होगी। लोकसभा चुनाव के चलते परीक्षा आगे बढ़ाई गई है। पीएससी ने परीक्षाओं को लेकर नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया।

# बच्चों ने सीखे बांस क्राफ्ट और पॉटरी मेकिंग के हुनर, शिक्षकों ने हाथ आजमाए

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में कार्यशाला का हुआ आयोजन

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

पीएम श्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत राजधानी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2, भोपाल में पॉटरी मेकिंग और बांस क्राफ्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कलाकार धर्मेंद्र रोहर, मीना वर्मा ने बांस क्राफ्ट और सुप्रसिद्ध पॉटरी आर्टिस्ट निधि चैप?ा के साथ मिलकर विद्यालय के कला शिक्षक अशोक वर्मा ने बच्चों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान प्राचार्य और शिक्षक भी खुद को रोक नहीं पाए और उन्होंने भी इस कला में अपने हाथ आजमाए। उप प्राचार्य अंजना धनराजू ने कहा कि इन कार्यशालाओं के माध्यम से बच्चों को लोक कलाओं और संस्कृति से जोड़ने का सफल प्रयास किया जा रहा है। परीक्षा के तुरंत बाद यह आयोजन बच्चों को छुट्टियों के दौरान कुछ नया करने के लिए प्रेरित करेगा। प्राचार्य पवन कुमार बेदुये ने



बताया कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनमें विभिन्न कौशलों का विकास करना आवश्यक है। इसलिए देश के तीन प्रतिष्ठित कलाकारों को बुलाकर यह कार्यशाला आयोजित की गई।

# लोकसभा चुनाव: 14 करोड़ 22 लाख रुपए से अधिक मूल्य की सामग्रियां जब्त

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद से एनफोर्समेंट एजेंसियों ने अब तक 14 करोड़ रुपए से अधिक की नकद राशि, अवैध शराब, मादक पदार्थ आदि जब्त किए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक 21 मार्च तक 14.22 करोड़ मूल्य की अलग-अलग सामग्रियां जब्त की गई हैं। इनमें 3.11 लाख लीटर शराब जब्त की गई है। इसका मूल्य 4 करोड़ से अधिक है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। 21 मार्च तक 14 करोड़ 22 लाख 98 हजार 274 रुपए मूल्य की विभिन्न सामग्रियाँ जब्त की गयी हैं। इनमें 3 लाख 11 हजार 371 लीटर मदिरा जब्त की गयी है। इसका मूल्य 4 करोड़ 3 लाख 85 हजार 101 रूपये है। इसी तरह 2 करोड़ 43 लाख 97 हजार 378 रूपये मूल्य के 3 हजार 236 किलोग्राम ड्रग्स और 60 लाख 21 हजार की 90 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएं जब्त की गई हैं।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा 15 मई से

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूसीईटी) यूजी 15 से 31 मई तक होगी। यह परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी सहित प्रदेश के सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों में सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। सीयूईटी के बाद खाली बची सीटों पर मैरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

# मदरसा बोर्ड के परीक्षा आवेदन ऑनलाइन 23 अप्रैल तक भरे जायेंगे

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी (उर्दू माध्यम) परीक्षा सत्र-2024 के लिये आवेदन-पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे जाने की दिनांक 23 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में ऑनलाइन आवेदन की दिनांक 25 मार्च तक निर्धारित की गई थी। आवेदन-पत्र डाक द्वारा कार्यालय मदरसा बोर्ड में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है।




**मेट्रो एंकर** जल दिवस पर मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय कार्यक्रम का आयोजन

# एक-एक बूंद जल बचाने की जरूरत, वर्षा जल संचय भी आवश्यक- प्रो. खेमचंद

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

राजधानी स्थित मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय जल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित जल दिवस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. खेम सिंह डहेरिया, कुलपति, अटल बिहारी वाजपई हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. जे.पी. शुक्ला, मुख्य वैज्ञानिक एम्प्री, भोपाल उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुशील मंडेरिया, कुलसचिव एवं सह संयोजक प्रो. एल. पी. झरिया भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपई हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. खेम सिंह डहेरिया ने कहा कि आज हमें एक-एक बूंद जल को बचाने की आवश्यकता है एवं वर्षा जल संचय किया जाना भी आवश्यक है। जल संरक्षण को पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए। भोपाल के तालाबों का संरक्षण किया जाना अति आवश्यक है। जल संरक्षण और जल के लिए जागरूकता कार्यक्रमों को चलाने की आवश्यकता है।

### पुरानी विधियों को उपयोग में लाने की आवश्यकता- डॉ. जेपी शुक्ला

मुख्य वक्ता, वैज्ञानिक, डॉ. जे.पी. शुक्ला ने कहा कि जल संरक्षण के लिए हमें बहुत सारी पुरानी विधियों को उपयोग में लाने की आवश्यकता है। गांव में छोटे-छोटे बांध बनाकर स्टॉप डैम बनाकर भूजल को रिचार्ज किया जा सकता है। पानी की मात्रा और गुणवत्ता यह दो मुख्य बातें हैं जिसे ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होने इस बात पर चिंता जाहिर की कि, उद्योग लगाने के पूर्व पर्यावरणीय समिति की जो सिफारिशें होती है, उनको एक प्रतिशत भी जमीन पर लागू नहीं किया जाता है।

## सुविचार

कौन कहता है
ईश्वर नजर
नही आता,
सिर्फ वही तो
नजर आता है
जब कोई नजर
नही आता।

– अज्ञात

l iknd h;

# गौर करने की जरूरतें

किसी भी लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार कोई नई चीज नहीं है और न ही आश्चर्यजनक है। हालांकि ऐसे मतभेदों के बीच भी सत्तापक्ष और विपक्ष में संवाद की निरंतरता लोकतंत्र की सेहत के लिए जरूरी मानी जाती है। हालांकि अब ऐसा लगता है कि देष में कुछ समय से दोनों के बीच का टकराव संवाद को बाधित करने की हद तक पहुंच गया है। यह टकराव इतना तीखा है कि लोकतंत्र के हर हिस्से तक इसकी गूंज हैं। दरअसल एक ही दिन में दो ऐसे घटनाक्रम सामने आए जिस पर देश की नजरें ठहर गई। सबसे पहले मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के प्रमुख नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके केंद्र सरकार पर जो आरोप लगाए, वे गंभीर मालूम होते हैं। फिर शाम होते होते ईडी ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरवाल को गिरफ्तार कर लिया,उन पर शराब ठेके देने में घोटाले का आरोप है। इस मामले में उनकी पार्टी के दो सहयोगी और मंत्री रहे मनीष सिसौदिया व सत्येंद्र जैन पहले ही फंसे हैं तथा जेल में हैं। अब जहां तक कांग्रेस की बात है तो विपक्षी पार्टी होने के नाते कांग्रेस सरकार पर तमाम तरह के आरोप लगाती रहती है, फिर भी देश में चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और प्रामाणिकता पर सवाल उठाने वाले इन आरोपों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। आरोपों की गंभीरता इसे सार्वजनिक करने के पार्टी के अंदाज से भी झलकती है। यह पहला मौका है जब पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी ने एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। यह ऐसा वक्त है जब आम चुनावों की घोषणा के बाद चुनावी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। लिहाजा मुख्य विपक्षी पार्टी आरोप लगाए कि उसे चुनाव लड़ने और प्रचार करने की स्थिति में नहीं छोड़ा जा रहा तो उस पर पूरी तस्वीर साफ होनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने जो आरोप लगाए, उनमें तल्खी थी। पार्टी ने कहा कि आयकर विभाग के अधिकारियों के जरिए सरकार ने मुख्य विपक्षी पार्टी को वित्तीय तंगी के उस हाल में पहुंचा दिया है कि वह न तो कहीं विज्ञापन दे सकती है, न अपने नेताओं के लिए हवाई यात्रा के टिकट बुक कर सकती है और न ही रैलियां आयोजित कर सकती है। हालांकि ये सब अभी महज एक पार्टी के आरोप मात्र हैं। इन पर सत्तारूढ़ दल, सरकार और संबंधित विभागों व उनसे जुड़े अधिकारियों का अपना पक्ष है। यद्यपि कुछ रिपोर्ट में यह बात भी सामने आई कि कांग्रेस की वित्तीय स्थिति खराब नहीं है या पार्टी के सभी खाते फ्रीज नहीं किये गये हैं। मगर किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले इन सभी पक्षों पर अच्छी तरह गौर करने की जरूरत है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि किसी को लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने या चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को प्रभावित करने की छूट नहीं दी जा सकती। अगर कांग्रेस के खाते में कोई गड़बड़ी है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी ही चाहिए, लेकिन वह इस तरह से हो कि चुनाव लड़ने की प्रक्रिया पर प्रभाव न पड़े। किसी भी तरह से यह संदेश न जाए कि किसी विभाग के अफसर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से विपक्षी दल को निशाना बना रहे हैं। पहले से ही भारतीय जांच एजेंसियों पर विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि वह कठपुतली की तरह काम कर रही हैं। इसमें ईडी और आयकर अमले पर खास निशाने होते हैं। ताजा इन दोनों मामले में यही दोनों एजेंसियों की भूमिका उभरी है।

## निशाना

### दूंगा मैं हिसाब !



**नहीं है पैसा मेरा।**
**दूंगा मैं हिसाब ।।**
भले दिया है खोल।
आपने किताब ।।
**डाल डाल यदि आप हैं।**
**मैं भी पात पात ।।**
कम नहीं हैं हम भी।
बिछाने में बिसात ।।
**हैं हम भी तैयार।**
**भले खुली हो पोल ।।**
मानना पड़ेगा पर।
नहीं घुमाते गोल ।।
**है बड़ा परिवार।**
**नहीं अकेला मेरा ।।**
आज अंधकार है।
आना तय सबेरा ।।

– कृष्णेन्द्र राय

## आज का इतिहास

- **1995** - रैनटो रूगीएरो विश्व व्यापार संगठन के पहले महानिदेशक नियुक्त, भारत के विश्वनाथन आनंद ने प्रोफ़ेशनल चेस एसोसियेशन कैंडीडेट्स के फ़ाइनल श्रृंखला को जीता।
- **1996** - ताइवान में पहली बार राष्ट्रपति के लिए सीधे चुनाव सम्पन्न।
- **1999** - पराग्वे के उपराष्ट्रपति पुई मारिया अरगाना की हत्या।
- **2001** - रूसी अंतरिक्ष स्टेशन 'मीर' की जल समाधि।
- **2003** - दक्षिण अफ्रीका में वाडरर्स में विश्व कप क्रिकेट के फाइनल में आस्ट्रेलिया ने भारत को 125 रनों से हराकर विश्व कप पर कब्जा बरकरार रखा।
- **2006** - आस्ट्रेलिया ने तस्करी के आरोप में उत्तरी कोरिया के जहाज़ पोंस गू को डुबोया।
- **2007** - भारत विश्वकप क्रिकेट में श्रीलंका से हारा।
- **2008** - भारत ने ज़मीन से ज़मीन पर मार करने वाली मिसाइल 'अग्नि-1' का सफल परीक्षण किया।
- **अमेरिकी** अंतरिक्ष यात्रियों राबर्ट वेनकेन और साइक फ़ोरमैन ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की मरम्मत के लिए अंतिम स्पेसवॉक किया। नासा ने पृथ्वी से 7.5 अरब प्रकाश वर्ष की दूरी पर हुए एक अंतरिक्ष विस्फोट को देखा।
- 1614 - जहाँआरा, मुगल बादशाह शाहजहाँ और 'मुमताज महल' की सबसे बड़ी पुत्री थी।
- **1880** - बसंती देवी - भारत की स्वतंत्रता सेनानी।
- **1910** - राममनोहर लोहिया, भारतीय स्वतंत्रता सेनानी।
- **1951** - आदित्य प्रसाद दास - भारत के प्रतिष्ठित जीव विज्ञानी हैं।
- **1954** - दिनेश्वर शर्मा - भारत के केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप के नवनियुक्त प्रशासक हैं।
- **1958** - विनय कुमार सक्सैना - दिल्ली के उपराज्यपाल हैं।

# धरातल पर दिखे गुणवत्ता का जीवन

■ जयंतीलाल भंडारी



हाल ही में 14 मार्च को संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट 2022 में भारत अब 193 देशों में से 134वें स्थान पर है। भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है। जहां 19 मार्च को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हो रही है, वहीं राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मुताबिक भारत में आम आदमी की आमदनी बढ़ने और उनके द्वारा भोजन पर कम और कपड़े, मनोरंजन व अन्य मदों पर अधिक खर्च किए जाने से उनके जीवनस्तर में धीरे-धीरे बेहतरी आ रही है।

दरअसल, एचडीआई का तात्पर्य मानव विकास के तीन बुनियादी आयामों- लंबा और स्वस्थ जीवन, शिक्षा तक पहुंच और सभ्य जीवन स्तर में औसत उपलब्धियों के आकलन से है। इस नई एचडीआई रिपोर्ट 2022 में भारतीयों की प्रतिव्यक्ति आय 6951 डॉलर (करीब 5.76 लाख रुपए) दर्ज की गई है। वहीं भारत में जीवन प्रत्याशा में एक वर्ष पहले का औसत 62.2 था जो अब बढ़कर 67.7 हो गया है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी प्रगति की है। निस्संदेह भारत के मानव विकास सूचकांक में बढ़त का एक प्रमुख कारण भारत में गरीबी में कमी आना है। हाल ही में अमेरिकी के प्रसिद्ध थिंक टैंक द ब्रूकिंग्स इंस्टिट्यूशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां वर्ष 2011-12 में भारत की 12.2 फीसदी आबादी अत्यधिक गरीब थी, वहीं यह वर्ष 2022-23 में घटकर महज दो फीसदी ही रह गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल आबादी में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों (प्रतिदिन 1.90 डालर से कम खर्च करने वाले) की संख्या 2011-12 की 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत आ गई है। गरीबों की संख्या में हर वर्ष 0.93 प्रतिशत की कमी के बराबर है। ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबों की संख्या घटकर 2.5 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में एक प्रतिशत रह गई है। इसी तरह थिंक टैंक नीति आयोग ने कहा है कि भारत में सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों से बीते नौ वर्षों में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में मदद मिली। भारत वर्ष 2030 तक बहुआयामी गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य में सफलता प्राप्त करने की पूरी संभावनाएं रखता है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज, स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना, पेयजल सुविधा के लिए जल जीवन मिशन व जन-धन खाते की सुविधा आदि से लोगों को गरीबी से ऊपर लाने में मदद मिली है। खासतौर से गरीबों के सशक्तीकरण में करीब 51 करोड़ से अधिक जनधन खातों (जे), करीब 134 करोड़ आधार कार्ड (ए) तथा करीब 118 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं (एम), की शक्ति वाले जैम से सुगठित बेमिसाल डिजिटल ढांचे की विशिष्ट भूमिका रही है।

भारत में बढ़ती हुई तेज अर्थव्यवस्था के कारण रोजगार-स्वरोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और देश में स्टार्टअप्स की संख्या अब 1.25 लाख के आसपास पहुंच रही है। इनमें बड़ी संख्या में स्टार्टअप टियर 2 और टियर 3 शहरों में हैं।सरकार का दावा है कि युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के लिए निजी क्षेत्र के साथ सरकारी क्षेत्र में भी नए रोजगार अवसर बढ़े हैं। सरकार द्वारा रोजगार बढ़ाने के लिए लागू की गई विभिन्न योजनाओं पीएम ऋण योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मनरेगा आदि के तहत युवाओं के लिए रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में आम आदमी के कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाएं स्वास्थ्य की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं। लेकिन अभी भी देश दुनिया के अनेक देशों की तुलना में मानव विकास सूचकांक में बहुत पीछे है। ऐसे में हमें यह ध्यान रखना होगा कि जहां अर्थव्यवस्था समाज का अहम हिस्सा है वहीं मानव विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है।सरकार द्वारा सामाजिक अधोसंरचना पर उसी तरह निवेश किया जाना होगा, जिस तरह भौतिक अधोसंरचना पर खर्च किया जा रहा है। अभी देश में करोड़ों लोगों की गरीबी और स्वास्थ्य की चुनौतियां बड़े पैमाने पर स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। देश में अभी भी 15 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की चिंताओं का सामना कर रहे हैं।

आशा है कि सरकार द्वारा यूएनपीडी की मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट 2022 के मद्देनजर देश में मानव विकास की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली, न्यायसंगत और उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, सार्वजनिक सेवाओं में स्वच्छता, बहुआयामी गरीबी, भूख और कुपोषण खत्म करने के लिए नई जनकल्याण योजनाओं, सामुदायिक रसोई व्यवस्था तथा पोषण अभियान-2 सफल बनाया जाएगा।

**साभार :** लेखक अर्थशास्त्री हैं।
यह लेखक के अपने विचार हैं।

# होली दिलों से जुड़ी प्रेरक भावनाओं का पर्व

■ ललित गर्ग

होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। बदलती युग-सोच एवं जीवनशैली से होली त्यौहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में धुंधलका आया है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तब प्रकृति एवं परम्परा हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक उन्नत आत्मउन्नयन एवं सौहार्द का माहौल बनाएं, जहां हमारी संस्कृति एवं जीवन के रंग खिलखिलाते हुए देश ही नहीं दुनिया में अहिंसा, प्रेम, भाई-चारे, साम्प्रदायिक सौहार्द के रंग बिखेरे। पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।

हिंदू कैलेंडर के अनुसार, होली फाल्गुन महीने की पूर्णिमा को मनाई जाती है। यह वसंत ऋतु के आगमन का जश्न है। इस वर्ष होली पर अनेक शुभ योग बनने से होली का महत्व अधिक है। सर्वार्थसिद्धि योग, रवि योग, धनशक्ति योग, बुधादित्य योग मिलाकर बनते हैं पंच महायोग। कुंभ राशि में शनि, मंगल और शुक्र ग्रह होने से बनते हैं त्रिग्रही योग। इस बार होली पर रहने वाली है चंद्र ग्रहण की छाया, जिससे कुछ राशियों को मिलेगा शुभ परिणाम। इस प्रकार समस्त बड़े-छोटे, सूक्ष्म और बृहत् योग 340 वर्षों बाद प्राप्त हो रहे हैं, जो विशेष फलदायी, शुभ एवं नवीन उत्सवमयी होने का सूचक हैं। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट् समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, दुनिया को जोड़ने का माध्यम बन गया है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। वस्तुतः होली आनंदोल्लास का पर्व है।

होली की परम्पराएँ श्रीकृष्ण की लीलाओं से सम्बद्ध हैं और भक्त हृदय में विशेष महत्व रखती हैं। श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर होली का रंगभरा और रंगीनीभरा त्यौहार मनाना एक विलक्षण अनुभव है। मंदिरों की नगरी वृन्दावन में फाल्गुन शुक्ल एकादशी का विशेष महत्व है। इस दिन यहाँ होली के रंग खेलना परम्परागत रूप में प्रारम्भ हो जाता है। मंदिरों में होली की मस्ती और भक्ति दोनों ही अपनी अनुपम छटा बिखेरती है। होली जैसे त्यौहार में जब अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, ब्राह्मण-शूद्र आदि सब का भेद मिट जाता है, तब ऐसी भावना करनी चाहिए कि होली की अग्नि में हमारी समस्त



पीड़ाएँ दुःख, चिंताएँ, द्वेष-भाव आदि जल जाएँ तथा जीवन में प्रसन्नता, हर्षोल्लास तथा आनंद का रंग बिखर जाए। होली का कोई-न-कोई संकल्प हो और यह संकल्प हो सकता है कि हम स्वयं शांतिपूर्ण एवं स्वस्थ जीवन जीये और सभी के लिये शांतिपूर्ण एवं निरोगी जीवन की कामना करें। ऐसा संकल्प और ऐसा जीवन सचमुच होली को सार्थक बना सकते हैं। होली शब्द का अंग्रेजी भाषा में अर्थ होता है पवित्रता। पवित्रता प्रत्येक व्यक्ति को काम्य होती है और इस त्योहार के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान करते हुए आत्मिक खुशी का जरिया भी बनाये।

जीवन को हर रंग में जीने और स्वीकारने की कला सबको नहीं आती। उसके लिए जरूरत होती है, एक मस्तमौला नजरिए की। समुद्र से मिलने को तत्पर, मीलों बहती रहने वाली नदी की ऊर्जा की। ऊर्जा और आनंद के इसी मेल का प्रतीक है होली का त्यौहार, जो लगातार बदलते रहने के बावजूद बना रहता है, ध्रुव है, सत्य है। जितने रंग प्रकृति के हैं, उतने ही हमारे हैं और प्रकृति हर पल रंग बदलती है। पुरानी पत्तियां शाख छोड़ती नहीं हैं कि नई खिलनी शुरू हो जाती हैं। पतझड़ और बसंत साथ ही चलते रहते हैं। धरती के भीतर के घुप अंधेरों को चीर कर बाहर निकला बीज, फूल, शाख, पत्तियां और फल के रंग धर लेता है। उगने, डूबने, खिलने, फैलने, मिलने, सूखने, झड़ने, चढ़ने, उतरने और खत्म होने का हर रंग प्रकृति में है और है होली के मनभावन पर्व में। पर प्रकृति हो या होली इनसे उदासीन हम, कुछ ही रंगों में सिमट जाते हैं। गिले-शिकवों, उदासी, तेरे-मेरे, क्रोध और कुंठा में ही अटक जाते हैं। नतीजा, जिंदगी में तनाव और उदासी घिरने लगती है। होली जैसे त्यौहारों के बावजूद जीवन के सारे रंग फिके पड़ रहे हैं। न कहीं आपसी विश्वास रहा, न किसी का परस्पर प्यार, न सहयोग की उदात्त भावना रही, न संघर्ष में एकता का स्वर उठा। बिखराव की भीड़ में न किसी ने हाथ थामा, न किसी ने आग्रह की पकड़ छोड़ी। यूँ लगता है सब कुछ खोकर विभक्त मन अकेला खड़ा है फिर से सब कुछ पाने की आशा में। कितनी झूठी है यह प्रतीक्षा, कितनी अर्थ शून्य है यह अगवानी।

हम भी भविष्य की अनगिनत संभावनाओं को साथ लिए आओ फिर से एक सचेतन माहौल बनाएँ। उसमें सच्चाई का रंग भरने का प्राणवान संकल्प करें। होली के लिए माहौल भी चाहिए और मन भी चाहिए, ऐसा मन जहाँ हम सब एक हों और मन की गंदी परतों को उखाड़ फेकें ताकि अविभक्त मन के आइने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। कलाकार एमी ग्रेंट के अनुसार, 'काला रंग गहराई देता है। इसे मिलाए बिना किसी वास्तविकता को रचा नहीं जा सकता।' जीवन में सुख-दुख दोनों हैं। दोनों एक-दूसरे में बदलते रहते हैं। हमें सुख अच्छा लगता है और दुख में हम घबरा उठते हैं। सारी कोशिशें ही दुखों से बचने की होती हैं। होली का अवसर भी सारे दुःखों को भूलकर स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का अवसर है। होली दिलों से जुड़ी भावनाओं का पर्व है। यह मन और मस्तिष्क को परिष्कृत करता है। न्यूरोबायोलिस्ट और रिसर्चर सेमिर जैक कहते हैं, 'मस्तिष्क में प्यार और नफरत को जनरेट करने वाली वायरिंग एक ही होती है।' इस भावना की कुछ अलग तरह से व्याख्या करते हैं लेखक और समाजशास्त्री पेजिल पामरोज, 'प्रेम आत्मा के स्तर पर होता है और नफरत भावना के स्तर पर।' होली प्रेम एवं संवेदनाओं को जीवंतता देने का दुर्लभ अवसर है। यह नफरत को प्यार में बदल देता है। यह पर्व बाहरी दुनिया में मौज-मस्ती का अवसर ही नहीं देता, बल्कि भीतरी दुनिया का साक्षात्कार भी कराता है। महान् दार्शनिक संत आचार्य महाप्रज्ञ ने प्रेक्षाध्यान के माध्यम से विभिन्न रंगों की साधना कराते हुए आत्मा को उजालने एवं भीतरी दुनिया को उन्नत बनाने की विधि प्रदत्त की है। रोमन सम्राट व चिंतक मार्क्स ऑरेलियस ने कहा भी है, 'मन के विचारों में रंगी होती है आत्मा।' जैन दर्शन भी कहता है कि जैसे विचार होते हैं, वैसे ही कर्म परमाणु आत्मा से चिपक जाते हैं। आत्मा के तमाम रंगों तक पहुंचने की हमारी यात्रा मन से होकर गुजरती है। हमें अपने विचारों को सही रखना होता है। उसमें दूसरों के लिए जगह छोड़नी होती है। नकारात्मक ऊर्जा के नुकसान से बचने के लिए होली के रंगों में सराबोर होना, रंगों का ध्यान करना, अपनी पर्वमय संस्कृति से रू-ब-रू होना फायदेमंद साबित होता है।

# केसला ब्लाक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

ब्लॉक केसला में जनपद पंचायत केसला के सभा कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ललित डेहरिया, सी ई ओ जनपद पंचायत केसला रंजीत ताराम परियोजना अधिकारी योगेश घाघरे की उपस्थिती में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक के दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। निर्वाचन आयोग की आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए सावधानी पूर्वक कार्य करने हेतु कार्यप्रणाली नियोजित की गई। स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत महिला मतदाताओं को वोट डालने हेतु प्रेरित करने के लिए कार्यकर्ताओं को विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया गया। जिन मतदान केंद्रों में पिछले निर्वाचनों में 85 प्रतिशत से कम मतदान हुए हैं, उन मतदान केंद्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत कार्यकर्ताओं को ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवसों के दौरान महिला मंडल की बैठकों में महिलाओं को प्रेरित करने, गृह भेट कर नवीन मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाने, होली के त्योहार पर तिलक लगाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए संदेश देने, गुड़ी पड़वा एवं रामनवमी के त्योहारों के दौरान भजन संध्या के माध्यम से लोगों को प्रेरित करने, एवं मतदान तिथि के पूर्व पीले चावल देकर आमंत्रित करने के लिए कहा गया। सी ई ओ जनपद पंचायत श्री ताराम ने पंचायत सचिव, सहायक सचिव, बी एल ओ के साथ समन्वय कर कार्य करने एवं आपस में जानकारी साझा करने जैसे सुझाव दिये। बैठक में सेक्टर केसला, सुखतावा, एवं छितापुरा के सुपरवाइजर, सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

## समर्थन मूल्य पर एफएक्यू स्तर का गेहूं खरीदने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन केंद्रों एवं मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना शुक्रवार को सिवनी मालवा में मतदान केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। जहां कमी पाई गई वहां आवश्यक व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आदर्श मतदान केंद्र की प्लानिंग करने के भी निर्देश दिए। इसी दौरान कलेक्टर ने कुसुम महाविद्यालय में मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण सत्र को भी संबोधित किया और सभी मतदान कर्मियों को गंभीरता पूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मतदान कर्मियों के लिए कहूट एप बनाया गया है, यह जिला प्रशासन का अनोखा नवाचार है। मतदान कर्मी इस ऐप के माध्यम से दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखकर अपनी जिज्ञासा एवं शंकाओ का समाधान कर सकते हैं। यह एप विशेष रूप से मतदान कर्मियों के लिए ही बनाया गया है, ताकि मतदान कर्मियों को अपनी ड्यूटी उबाऊ और बोझिल न लगे। कलेक्टर ने सभी से आग्रह किया कि वह इस ऐप पर दिए गए प्रश्नों के जवाब अवश्य दें। कलेक्टर ने सिवनी मालवा के उपार्जन केन्द्रों व वेयरहाउस का भी निरीक्षण किया। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह समर्थन मूल्य पर ही किसानों से एफएक्यू स्तर का गेहूं खरीदे। उन्होंने कई उपार्जन केंद्र पर मौजूद किसानों से भी आग्रह किया कि वह साफ सुथरा गेहूं उपार्जन केन्द्रों में लाएं।



कलेक्टर ने सेवा सहकारी समिति पिपलिया कला एवं वृत्ताकार सहकारी समिति बानापुरा के उपार्जन केंद्र एवं गोदाम का निरीक्षण किया। दोनों ही खरीदी केंद्र आसपास स्थित है। अधिकारियों ने बताया कि समर्थन मूल्य पर ही गेहूं उपार्जन किया जा रहा है। उत्पादन केन्द्रों में अभी एक या दो किसान ही आ रहे हैं। उम्मीद है कि होली के बाद फसल की कटाई करेंगे। उसके बाद उपार्जन में तेजी आएगी।

अधिकारियों ने बताया कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसमें 125 रुपए बोनस है। इस तरह कुल मिलाकर 2400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीदी की जाएगी। बोनस की राशि सीधे किसानों के खातों में जमा होगी। बताया गया कि उपार्जन केन्द्रों में स्कंध की दो बार तुलाई होती है, पहले धर्म कांटे से फिर छोटे कांटे से तुलाई की जाती है, ताकि किसान संतुष्ट रहें। बताया गया कि त्योहारों का सीजन होने के चलते हम्मालों की समस्या बनी हुई है। होली के बाद ही हम्माल आएंगे। अभी तक चना उपार्जन के किसान नहीं आए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा की वे किसानों को समझाइश दें कि वे अपने घर से ही साफ सुथरा गेहूं लेकर आए ताकि उपार्जन के दौरान अनावश्यक परेशानी ना हो। बताया गया कि उक्त दोनों सेवा सहकारी समिति में 1 लाख 10 हजार मेट्रिक टन स्कंध का भंडारण किया जाता है। कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी सिवनी मालवा का भी निरीक्षण किया। बताया गया कि समर्थन मूल्य से नीचे किसी भी किसान से खरीदी नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमित ना हो। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश है कि एफसीआई को 2 लाख मीट्रिक टन गेहूं देना है। इसलिए किसानों को समझाइश देवे कि वे साफ सुथरा गेहूं लेकर ही आए। कलेक्टर ने यहां पर छन्ना, मशीन, पंखे अवलोकन किया, साथ ही अधिकारियों से कहा कि वे किसानों को समझाएं कि वे नरवाई न जलाएं।

# 26 मार्च को तवा बांध से मूंग सिंचाई हेतु मुख्य नहर में छोड़ा जाएगा पानी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

गत दिवस संभागीय जल उपयोगिता समिति के अध्यक्ष एवं संभागायुक्त नर्मदापुरम संभाग डॉ पवन कुमार शर्मा द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मूंग फसल की .सिंचाई हेतु बैठक ली गई, बैठक में हरदा एवं नर्मदापुरम के कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम, मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, एवं समस्त कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग नर्मदापुरम, एवं हरदा उपस्थित रहे। बैठक में आयुक्त द्वारा निर्देश दिये गये कि जिला हरदा एवं जिला नर्मदापुरम के सिवनी मालवा अंतर्गत मकड़ाई एवं रायगढ़ नहरों में सतत जल प्रवाह के लिए तवा बांध से 26 मार्च 2024 को बायीं तट मुख्य नहर में पानी छोडा जाएगा, शेष नर्मदापुरम, इटारसी एवं सिवनी मालवा की नहरों में जिला जल उपयोगिता की समिति की बैठक में अनुमोदित निर्धारित क्षेत्रफल में सिंचाई करने के लिए दिनांक 30 मार्च 2024 को पानी छोडा जाएगा, इसी प्रकार तवा दायीं तट मुख्य नहर में सोहागपुर एवं पिपरिया अंतर्गत समस्त नहरों में दिनांक 05 अप्रैल 2024 को तवा बांध से जल का प्रवाह निर्धारित क्षेत्र में मूंग फसल की सिंचाई के लिए किया जाएगा।

## जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने ग्राम कोटवार और चौकीदार विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त

**रायसेन।** जिले में माह मार्च में 24 मार्च को होलिका दहन, 25 मार्च को धुलेंडी तथा 30 मार्च को रंगपंचमी पर्व परम्परानुसार मनाया जाएगा। कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा जिले में पर्वो के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर जिले के समस्त थाना क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले कोटवारों को विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री दुबे द्वारा जारी आदेश के तहत पुलिस एक्ट की धारा 17 के अंतर्गत रायसेन जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में आने वाले ग्राम कोटवारों/चौकीदारों को उनके कार्यक्षेत्र के अंतर्गत कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए 24 मार्च 2024 से 30 मार्च 2024 तक ग्राम कोटवारों तथा चौकीदारों को विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# आपका वोट ही, आपकी ताकत बनेगी, श्रमिकों को मतदान करने के लिए किया गया प्रेरित

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार लोक सभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत नर्मदापुरम जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। स्वीप गतिविधि के तहत कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त नर्मदापुरम द्वारा जिले के इटारसी में संस्थान के कर्मचारी, रैसलपुर एवं ब्यावरा में निर्माण स्थल पर कार्यरत श्रमिकों को 26 अप्रैल 2024 को मतदान दिवस पर मतदान करने के लिए प्रेरित किया एवं नियोजक/ ठेकेदार को निर्वाचन दिवस पर श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश देने हेतु निर्देशित किया।




# स्वीप गतिविधि अंतर्गत इटारसी में किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशानुसार आज कविवर भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम इटारसी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप एक्टिविटी) अंतर्गत समस्त आंगनवाडी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ललित डहेरिया, सीएमओ नगर पालिका ऋतु मेहरा द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी को संबोधित करते हुए कहा गया कि पिछली लोकसभा चुनाव में जिन मतदान केंद्रों में वोटिंग परसेंटेज 60 प्रतिशत से कम है वहां पर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करनें के लिए कहा गया। जिससे जिले का न्यूनतम लक्ष्य 85 प्रतिशत वोटिंग को प्राप्त किया जा सके। जिला स्तर पर स्वीप एक्टिविटी के कैलेंडर तैयार किया गया है, जिसके अनुसार मतदाताओं को जागरूक / प्रेरित करने हेतु गतिविधि दी गयी हैं जिनका प्रभावी रूप से आयोजन करना है। आंगनबाड़ी केंद्रों एवं किसी भी सरकारी संस्था में एवं आसपास किसी भी प्रकार का राजनीतिक पोस्ट एवं सामग्री ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों में समुदाय आधारित गतिविधि अंतर्गत मंगल दिवस एवं टीकाकरण दिवस में आने वाली महिलाओं को वोट डालने हेतु प्रेरित किया जाए जिससे महिला वोटिंग प्रतिशत बढ़ाया जा सके। साथ ही 18+ आयु वर्ग के नवीन मतदाताओं जिनके लिए यह पहला मतदान होगा, उनको वोट डालने हेतु प्रेरित करना है एवं जो भी 80+ आयु वर्ग के वृद्ध मतदाता है उन्हें भी मतदान के लिए प्रेरित किया जाए। जो मतदाता होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में नहीं रहते है कहीं चले गए हैं उन्हें सर्वे करके चिन्हांकित करके फोन लगाकर जानकारी दे। स्वीप एक्टिविटी अंतर्गत रंगोली मेहंदी एवं रैली का आयोजन किया जाना भी सुनिश्चित करें। समस्त वृद्धजन जो मतदान केंद्रों तक नहीं आ सकते एवं दिव्यांग जनों के 12 छ फार्म भरवाने हैं। कार्यक्रम के अंत में नगर पालिका सीएमओ द्वारा सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई एवं रैली निकाली गई।

## नहर में पानी के लिए किसानों ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

# नहर में पानी नहीं मिला तो करेंगे चुनाव का बहिष्कार

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

सिवनी मालवा के ग्राम बिसोनी कला के किसानो ने कलेक्टर सोनिया मीना को ज्ञापन सौंप कर ग्राम बिसोनी कला में नहर का पानी पहुंचाने की मांग की। किसानों ने बताया की हमारे खेत भिलाड़िया माइनर से लगे हुए हैं, तथा सभी किसान नहर के पानी पर ही निर्भर है। गर्मी के चलते ट्यूबवेल सूखने लगे है हमारी मांग है की भिलाड़िया माइनर से मूंग का पानी दिया जाए।



किसानों ने सौंपे गए ज्ञापन में चेतावनी भी दी की यदि जल्द ही प्रशासन के द्वारा भिलाड़िया माइनर पर हम किसानों को पानी देने की हमारी मांग को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो हम चुनाव का बहिष्कार करेंगे। किसानो ने बताया की विगत 5 वर्षों से लगातार हम नहर के पानी की मांग कर रहें है पर अभी तक प्रशासन के द्वारा ग्राम बिसोनी के किसानों की पानी की समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया है। अभी भी हमे प्रशासन से नहर के पानी के लिए गुहार लगाना पड़ रहा है। इस वर्ष भी यदि मूंग की फसल के लिए नहर का पानी नहीं मिलता है तो मजबूरन हम सभी ग्रामीण चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

# इटारसी-माखननगर मार्ग पर चलाया चैकिंग अभियान, 119 वाहनों से वसूले रु. 64 हजार

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए परिवहन तथा यातायात विभाग द्वारा माखन नगर नगर एवं इटारसी मार्ग वाहनों की चेकिंग की गई. यातायात पुलिस द्वारा एवं परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान

वाहन चेकिंग में वाहन की डिग्गी, डेशबोर्ड इत्यादि के साथ, सीट बेल्ट और हेलमेट, वाहनों के कागजात, ओवरलोड तथा चुनाव की दृष्टि से पदनाम वाली नंबर प्लेट, अतिरिक्त लाइट, हूटर या प्रेसर हॉर्न, कांच पर किसी भी प्रकार की फ़िल्म लगा होना और बहुरंगी लाइट के उपयोग करने वाले वाहनों पर नजर रखी गई। इस संयुक्त कार्यवाही में नियम विरुद्ध संचालित 119 वाहनों पर कार्यवाही कर 64,400 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

आरटीओ श्रीमती निशा चौहान ने बताया उच्चतम न्यायालय के निर्णय अनुसार वाहनो के कांच पर किसी भी पारदर्शिता और किसी भी प्रकार की फ़िल्म नियम विरुद्ध है और प्राइवेट वाहन में नम्बर प्लेट पर नंबर के अतिरिक्त कुछ लेख किया जाना या इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की प्लेट लगाना मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन है। भविष्य में इनके विरुद्ध लगातार कार्यवाही जिले भर में की जाएगी। अतः कृपया नियमों का पालन करें, जांच दल में आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान, यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा के साथ चेकिंग अभियान दल के सदस्य शामिल रहे।

**मेट्रो एंकर**

## कलेक्टर ने कहा- मतदान के दिन सभी स्थितियां आपके नियंत्रण में रहें

# मतदानकर्मी चुनाव की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं: कलेक्टर

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

कुसुम महाविद्यालय में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण सत्र में पहुंचकर कलेक्टर ने प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने मतदान कर्मियों से कहा कि आप सब निर्वाचन की महत्वपूर्ण कड़ी है। आपकी सूझबूझ विवेक एवं ज्ञान से पुरी निर्वाचन प्रक्रिया जुड़ी हुई है । अतः गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण लेकर निर्वाचन कार्य संपन्न कराए। कलेक्टर ने कहा कि मतदान के दिन सभी स्थितियां आपके नियंत्रण में रहे। इसलिए ईवीएम को सुरक्षित रखते हुए कार्य संपादित करें। प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लें। चुनाव आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का भलीभांति अध्ययन करें। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी परेशानी आने पर अपने संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को अनिवार्य रूप से सूचित करें।



### आदर्श मतदान केंद्र की प्लानिंग करें

कलेक्टर ने सिवनी मालवा के शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 68 एवं 69 का निरीक्षण किया। उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। बताया गया कि 46 लोगों पर बांड ओवर की कार्रवाई की गई है 30 से 35 प्रकरण बांड ओवर के पेंडिंग है जो जल्द ही निराकृत किए जाएंगे। कलेक्टर ने मतदान केंद्र 70, 71 व 72 जो शासकीय नवीन कन्या हाई स्कूल में स्थित है। उनका भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर स्वीप प्लान के तहत विशेष गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। बताया गया कि तीन मतदान केंद्रों में करीब ढाई हजार मतदाता है। एक मतदान केंद्र क्रिटिकल कैटेगरी में है। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी आदर्श मतदान केंद्र की प्लानिंग करें और वालंटियर की ड्यूटी लगाए। मतदान केंद्र को आकर्षक और सुंदर बनाएं। इस दौरान एसडीम सरोज परिहार तहसीलदार राकेश खजूरिया जनपद सीईओ श्रुति चौधरी सहित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किया सिवनी मालवा मतदान केन्द्रों का निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा निर्देश

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने सिवनी मालवा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। जहां कमी पाई गई वहां आवश्यक व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आदर्श मतदान केंद्र की प्लानिंग करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने कुसुम महाविद्यालय में मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण सत्र को भी संबोधित किया और सभी मतदान कर्मियों को गंभीरता पूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण को रोचक बनाने के लिए विशेष क्विज तैयार किया गया है, यह जिला प्रशासन का अनोखा नवाचार है। मतदान कर्मी इस क्विज के माध्यम से दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखकर अपनी जिज्ञासा एवं शंकाओ का समाधान कर सकते हैं। यह क्विज विशेष रूप से मतदान कर्मियों के लिए ही बनाया गया है, ताकि मतदान कर्मियों को अपनी ड्यूटी उबाऊ और बोझिल न लगे। कलेक्टर ने सभी से आग्रह किया कि वह इस क्विज पर दिए गए प्रश्नों के जवाब अवश्य दें।





### सवाल: आखिर आमद के बाद भी ज्वाईन क्यों नहीं कर रहे, किस का है प्रेशर ?

# नपा की नैया भगवान भरोसे, बगैर सीएमओ चल रहा काम, वित्तीय सेवाएं प्रभावित

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर पालिका की नव बगैर पतवार के ही पिछले कोई दिनों से संचारित हो रही है 5 दिन पहले प्रभारी सीएमओ राम प्रकाश साहू के जगह पवन शर्मा का सीएमओ के रूप में स्थानांतरण हुआ था। जिसके बाद उन्होंने यहां पर अपनी उपस्थिति तो दर्ज कराई थी पर विधिवत रूप से नगर पालिका परिषद का कार्यभार नहीं संभाला इस वजह से पिछले 4 दिनों से बिना



सीएमओ के नगर पालिका की व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो गई है अधिकांश स्टाफ भी मनमर्जी कार्यालय पहुंच रहे हैं। इनके आने का भी कोई नहीं है। वहीं सीएमओ के चार्ज नहीं लेने को लेकर कई तरह की चर्चाएं भी हो रही है आखिर चार्ज क्यों नहीं ले रहे हैं ऐसा क्या हो गया कि आने के बाद ही सीएमओ को उल्टे पांव वापस लौटना पड़ा वह भी बगैर चार्ज के अब चार्ज लेने की जगह पर स्वास्थ्य खराब होने की बात कह कर अपनी जिम्मेदारी संभालने से कतरा रहे हैं सिरोंज में आखिर ऐसा क्या है कि अधिकारी यहां पर काम करने की जगह पर भागने की कोशिश कर रहे हैं। विकासखंड में वैसे ही अधिकांश विभागों में प्रभारी के भरोसे ही काम चल रहा है। होली के त्यौहार के अलावा चार दिनों से सीएमओ नहीं होने से वित्तीय लेनदेन से लेकर जरूरी सेवाएं भी धरातल पर प्रभावित हो रही है। साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता भी लगी हुई है इसके बाद भी सीएमओ चार्ज नहीं ले रहे हैं पद खाली होने से आम जनता से नगर पालिका कार्यालय का काम भी प्रभावित हो रहा है शासन की योजनाएं भी जो पहले से स्वीकृत है वह काम भी प्रभावित हो। अधिकारी कर्मचारियों पर अंकुश नहीं होने के कारण और भी ज्यादा समस्या उत्पन्न हो रही है।

पहली बार इस इस तरह की स्थिति देखने को मिल रही है कि नगर पालिका इतने दिनों से बगैर सीएमओ के चल रही है। जानकारी सबको है पर सभी देवी जुबान में बात तो कर रहे हैं पर खुलकर कोई इस पर कुछ कहने को तैयार नहीं है इस वजह से बगैर ड्राइवर के गाड़ी चल रही है।। नगर पालिका परिषद का संचालन बिना अधिकारी के हो रहा फिर भी सब अंजान बने हुए हैं कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

जैसे ही ट्रांसफर आर्डर जारी हुआ तो सीएमओ के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के लिए पवन शर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई उस दिन आखिर ऐसा क्या हो गया है कि इन्होंने चार्ज लेने की जगह पर वापस जाना जरूरी समझा और अब अपनी तबीयत खराब होने की बात कहकर जॉइनिंग नहीं ले रहे हैं। नीचे से लेकर ऊपर तक के अधिकारी भी सीएमओ के नहीं होने की जानकारी होने के बाद भी इस समस्या के समाधान के लिए कदम नहीं उठा रहे हैं। सीएमओ के पद ग्रहण नहीं करने के कारण वित्तीय लेनदेन के अलावा जरूरी काम भी प्रभावित हो रहे हैं प्रतिदिन बड़ी संख्या में आम जनता से लेकर अन्य काम भी होते हैं जिन पर सीएमओ के हस्ताक्षर होते हैं उनके बगैर की फाइल भी आगे बढ़ती हैं निर्माण कार्यों का भुगतान हो चाहे काम करने वाले कर्मचारी और अधिकारियों के वेतन से लेकर सामग्री खरीदना लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करने का अधिकारी भी इन्हीं के पास होता है नगर पालिका की संपूर्ण व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी भी सीएमओ के कंधों पर होती है। चुनाव तथा त्योहारों को दौर में भी इस तरह के हालात बने हुए हैं। स्थानांतरण के बाद जैसे ही सीएमओ पवन शर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तो ऐसा लग रहा था कि अब यह चार्ज लेकर य काम करेंगे पर जिस दिन हाजिर हुए उसी दिन कई तरह की चर्चाएं हुई इनके चार्ज लिए बगैर छुट्टी पर चले जाना कई तरह की चर्चाओं को जरूर जन्म दे रहा है दूसरी ओर प्रभारी सीएमओ की जिम्मेदारी संभाल रहे राम प्रकाश साहू ने उसी दिन सीएमओ का काम करना बंद कर दिया था केवल नगर पालिका के बाबू के नाते काम कर रहे हैं वित्तीय लेनदेन तो इनके द्वारा नहीं किया जा रहा है अध्यक्ष के कहने पर कुछ काम कर रहे हैं। आने के बाद सीएमओ वापस चलेगा और आज तक लौटे नहीं है अब इनके द्वारा स्वास्थ्य खराब होने की बात कह कर चार्ज नहीं लिया जा रहा है। आखिर ऐसा कब तक चलेगा इसका जवाब भी किसी के पास नहीं है। जबकि शहर में चर्चा हो रही है कि किस नेता के दबाव में प्रभारी सीएमओ की जगह पर स्थाई सीएमओ की पोस्टिंग हुई इन्होंने अपनी हाजिरी भी दी पर चार्ज लिए बगैर ही वापस लौटकर आज तक जिम्मेदारी संभालने के लिए आखिर क्यों नहीं आ रहे हैं कई तरह की चर्चाएं चल रही है।

### प्रभारी से ही चल रहा था काम

पिछले कई महीनो से नगर पालिका का संचालन प्रभारी सीएमओ राम प्रकाश साहू के द्वारा किया जा रहा था और ऐसा किसी को भी नहीं लग रहा कि उनकी जगह पर स्थाई सीएमओ की पोस्टिंग होगी पर चुनाव को लेकर जैसे ही आचार संहिता संहिता लगी तो शासन के द्वारा सिरोंज में स्थाई सीएमओ की पोस्टिंग हुई और तब ऐसा लग रहा पवन शर्मा पदभार ग्रहण करके नगर पालिका का संचालन करेंगे जिस दिन इन्होंने अपनी उपस्थिति दर कराई थी उसी दिन ऐसा कौन सा घटनाक्रम घट गया कि सीएमओ ने अपनी आमद के बाद भी ज्वाइन नहीं दी।

### जरूरी सेवाएं भी हो रहीं है प्रभावित

नगर पालिका का छोटे से लेकर बड़ा काम नगर पालिका सीएमओ के द्वारा फाइल पर साइन करने के बाद ही आगे बढ़ता है उसमें वित्तीय लेनदेन तो सीएमओ के हस्ताक्षर के बिना हो ही नहीं सकता है। इस वजह से चुनाव तथा होली के त्यौहार में कई जरूरी काम बगैर सीएमओ के नहीं होंगे वित्तीय काम भी प्रभावित भी पूरी तरह से बंद पड़े हुए हैं। आम जनता से जुड़े काम भी नहीं हो पाएंगे इसमें नामांतरण से लेकर अन्य कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं।

### इनका कहना है

*जिस दिन सीएमओ के आदेश हुए थे उसी दिन मैंने सीएमओ के हैसियत से काम करना बंद कर दिया था एक कर्मचारी के नाते कम कर रहा हू।*

**राम प्रकाश साहू**, पूर्व प्रभारी सीएमओ

*तबीयत खराब होने के कारण मैंने चार्ज नहीं लिया है ऐसी और कोई बात नहीं है।*

**पवन शर्मा**, सीएमओ

*सीएमओ स्थानांतरित होकर आए हैं उन्होंने सीएमओ का चार्ज क्यों नहीं लिया, मैं इसको दिखवाता हूं।*

**बुद्धेश कुमार वैद्य**, कलेक्टर

### ऐसी स्थिति क्यों हो रही है पैदा

आज नगर पालिका में इस तरह के हालात क्यों निर्मित हो रहे हैं किस कारण से किसके डर की वजह से सीएमओ अपनी जिम्मेदारी लेने की जगह पर दबे पांव वापस लौट गए अभी भी चार्ज लेने के लिए नहीं आ रहे हैं इस कारण से नगर पालिका का काम तो प्रभावती हो रहा है चुनाव के दौर में चार्ज नहीं लेने के बाद भी जिला कलेक्टर से लेकर स्थानीय जिम्मेदारी भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं जानकारी होने के बाद भी किसी भी तरह का कम नहीं उठा रहे है। जब इनको यहां पर नहीं आना तो फिर उपस्थित क्यों दर्ज कराई थी

# आरटीई के तहत बच्चों की शिक्षा जारी रखने की मांग एसडीएम को दिया ज्ञापन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शुक्रवार को आरटीई के तहत बच्चों की शिक्षा जारी रखने की व्यवस्था करने की मांग को लेकर कई बच्चे एवं उनके अभिभावक स्थानीय ने अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी को ज्ञापन देते हुए बच्चों की आरटीई के तहत आगामी शिक्षा जारी रखने की मांग की. इस मौके पर उन्होंने कहा कि उनके बच्चों को शासन की आरटीई योजना के तहत शिक्षा सत्र 2021-22 में नगर में संचालित एक निजी स्कूल में नर्सरी कक्षा में प्रवेश कराया गया था. बच्चों को सत्र 2024-25 में कक्षा 1 में अध्ययन करना है. योजना नर्सरी से कक्षा 8 तक के लिये है,मगर स्कूल प्रबंधन ने स्कूल बंद होने की जानकारी देकर बच्चों को निकाल दिया है. उन्होंने आरटीई के तहत बच्चों की आगामी शिक्षा की व्यवस्था करने की मांग की. इस दौरान कई बच्चे एवं उनके अभिभावक मौजूद रहे।

### इनका कहना है

जिला शिक्षा अधिकारी तथा वी आर सी को मिलकर इस समस्या का समाधान करना है हमारा प्रयास है कि आसपास के जो भी स्कूल है वहां पर इन बच्चों को प्रवेश दिलवाया जाए यदि कोई स्कूल बंद होता है तो उनके बच्चों को दूसरे स्कूलों में प्रवेश दिया जा सकता है।

**हर्षल चौधरी** एसडीएम

# एडवोकेट त्यागी बने कानूनी एवं विधिक कार्य विभाग के लोकसभा चुनाव प्रभारी



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव को देखते हुए विदिशा एवं सागर का कानूनी एवं विधिक विभाग का लोकसभा प्रभारी एडवोकेट कपिल त्यागी को बनाया गया भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता संघ सिरोंज के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी को !भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णु दत्त शर्मा !संगठन मंत्री हिता नंदन शर्मा एवं संयोजक संतोष शर्मा के निर्देश और संबंधित्त जिला अध्यक्ष की सहमति से प्रभार मिलने के बाद कपिल त्यागी ने कहा कि मैं हमेशा से भारतीय जनता पार्टी का एक कार्य करता रहा हूं एवं संघ का भी में एक सच्चा सिपाही हूं मैं हमेशा अपनी पार्टी के लिए तन मन धन से समर्पित हूं पार्टी द्वारा भी मुझे समय-समय पर सम्मान दिया गया है और पार्टी ने मुझे जो दायित्व दिया है मैं इसकोअपने सच्चे लगन व मेहनत से पूरा करूंगा और जल्द ही सागर एवं विदिशा क्षेत्र में अपने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच कर भारतीय जनता पार्टी को वोट देने एवं दोनों क्षेत्र के सांसदों को जिताने और नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का लक्छ जो भारतीय जनता पार्टी का है वह पूरा करने में सभी का साईयोग रहे जिससे इस बार 400 पार का जो लक्ष्य है वह पूरा हो ! और देश और भी उन्नतियों पर पहुंचे इसके बाद गरीब किसान का ओर ज़ियादा भला हो सके वहीं कपिल त्यागी को प्रभार मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं उनके चाहाने वालों ने कपिल त्यागी को बधाइयां दी वहीं एडवोकेट कपिल त्यागी ने भी वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# लोकसभा चुनाव 2024 सुनारी - भरतीपुर में महिलाओं ने रैली निकालकर, मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदान का संदेश



**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा निर्वाचन-2024 में रायसेन जिले में अधिकाधिक मतदान हेतु कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशन में स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को सांची विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सुनारी तथा ग्राम पंचायत शाहपुर के होमस्टे ग्राम भरतीपुर में महिलाओं तथा अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा रैली निकालकर तथा मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जनपद सीईओ श्रीमती बंदू सूर्यवंशी, जनशिक्षक श्री सूर्यप्रकाश सक्सेना सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### शांति समिति की मीटिंग में त्योहारों से हटकर भी कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# मांस विक्रेता, आवारा मवेशी एवं पार्किंग बनाने का मुद्दा रहा अहम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक के आयोजन का मुख्य कारण आगामी त्योहारों को लेकर रखा गया था जिसमें शहर के विभिन्न समाजों के धारम गुरु उपस्थित हुए और इन्होंने अपने-अपने त्योहारों के हिसाब से प्रशासन को जानकारियां दी ! सिरोंज एसडीओपी उमेश तिवारी ने यातायात बनाने के लिए नगर पालिका को सुझाव देते हुए कहा कि आपके द्वारा शहर में पार्किंग व्यवस्था बनाई जाना चाहिए और व्यवस्था निशुल्क ना हो उसका कम मात्रा में ही सही लेकिन थोड़ा बहुत किराया जरूर रखें जिससे कि शहर के नागरिक जागरुक हो सके और पार्किंग में ही अपने वाहनों को खड़ा कर सकें जिससे शहर में यातायात की स्थिति ठीक हो सके दूसरी ओर मवेशियों को लेकर भी चिंता जताई एवं उनकी व्यवस्था बनाने के लिए जल्द ही जनपद ! सरपंचों के अलावा शहर के वरिष्ठ नागरिकों के साथ एक बैठक करने का भी कहा वाहीं दूसरी ओर शांति समिति की मीटिंग में मुस्लिम समाज द्वारा मांस विक्रेताओं

पर तरह-तरह के आरोप लगाए गए जिसमें कहा गया कि मांस विक्रेता द्वारा खुले में दुकान की जाती है वहीं नगर पालिका द्वारा दिए जाने वाले पास पर भी विशेष चर्चा की गई वही बताया गया कि कम उम्र के जानवर जिनके पास नहीं दिया जा सकता उनका भी पास नगर पालिका द्वारा दिया जाता है वहीं स्लाटर पर भी जो कर्मचारी है उस कर्मचारी की सान्ट घाट से यह नहीं देखा जाता की यह जानवर क पास होना था या नहीं वहीं दूसरी और यह भी कहा गया कि शहर के बाहर जो जानवरों की गाड़ियां भरकर जाती हैं इसमें कभी अनहोनी होती है तो मुस्लिम समाज का कोई भी व्यक्ति इसका दोषी नहीं होगा सिवाए वियापरियों के और मांस भी शहर के बाहर अगर बिक्रिय होने जाता है तो इसमें मुस्लिम समाज का कोई लेना-देना नहीं है वही तोल करने वाले कांटे पर भी चर्चा हुई एवं मूल दर लगाने का भी दुकानों पर कहा गया। होली को लेकर दिनेश गर्ग द्वारा प्रशासन को व्यवस्थाओं के लिए अवगत कराया गया ! नगर पालिका पर भी पक्षपात करने का आरोप लगाया गया कहा गया कि हमारे त्योहार पर नगर पालिका विशेष ध्यान नहीं दे रहा शांति समिति की मीटिंग में तहसीलदार संजय चौरसिया सिरोंज एसडीपी उमेश तिवारी थाना प्रभारी संदीप पवार नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ एडवोकेट शोएब खान हाफिज शमस कमर मनोज जैन दरियाब सिंह कुर्मी डॉक्टर वसीम ।नगर पालिका एवं बिजली विभाग के अधिकारी शहर के वरिष्ठ नागरिक एवं पत्रकार गण उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** कायाकल्प अवार्ड के अंतर्गत 02 लाख रूपए की अवार्ड राशि प्राप्त होगी

# गुणवत्तापूर्ण, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पीएचसी अमलाहा जिले में प्रथम, मिला कायाकल्प अवार्ड



**सीहोर दोपहर मेट्रो।**

जिला चिकित्सालय सहित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल तथा 12 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भी कायाकल्प अवार्ड के लिए राष्ट्री य स्तर पर चयनित हुए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि कायाकल्प अवार्ड के लिए जिले की चयनित अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमलाहा ने संपूर्ण जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। संस्था को कायाकल्प अवार्ड के अंतर्गत 02 लाख रूपए की अवार्ड राशि प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठरी, सिद्धिकगंज, रामनगर, पीएचसी वीरपुरडेम, दिवडिया, इटावा-इटारसी, भाउखेडी, चकल्दी, गोपालपुर, बाईबोडी, बकतरा को 50-50 हजार रूपए की कायाकल्प अवार्ड राशि प्राप्त होगी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दोराहा, जावर, रेहटी, श्यामपुर, बिलकिसगंज, लाडकुई, सिविल अस्पताल इछावर तथा सिविल अस्पताल आष्टा का चयन कायाकल्प अवार्ड के लिए हुआ है। जिला चिकित्सालय को 03 लाख तथा सीएचसी तथा सिविल अस्पताल को 1-1 लाख रूपए, पीएचसी अमलाहा को 02 लाख तथा शेष चयनित पीएचसी को 50-50 हजार रूपए की राशि बतौर अवार्ड प्राप्त होगी।

कलेक्टर सिंह तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के दिशा निर्देशन में जिले की कायाकल्प टीम द्वारा संस्था प्रभारियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित कर अवार्ड के लिए व्यापक तैयारियां करवाई गई थी।

कायाल्प अभियान के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा तय किए गए 8 बिंदूओं पर केन्द्र और राज्य सरकार के संयुक्त दल द्वारा थेमेटिक एरिया का असिस्मेंट, अपकीप, सफाई सुरक्षा, स्वच्छता, बॉयोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, सपोर्ट सर्विस, ईको फ्रेंडली सर्विसेस इत्यादि का ध्यान रखते हुए सघन मूल्यांकन किया जाता है। कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा कायाकल्य अवार्ड के लिए चयनित समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं, संस्था प्रभारियों तथा पदस्थ स्टॉफ को बधाई दी है।

# जिला न्यायाधीश ने गांव में पहुंचकर जल संरक्षण का आव्हान किया

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**



प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के निर्देशन में विश्व जल दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बिजलोन में समर्थन एनजीओं एवं सीपा संस्था के संयुक्त तत्वाधान में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

जिला न्यायाधीश एवं सचिव श्री मुकेश कुमार दांगी द्वारा जल के महत्व को बताते हुए सभी से जल संरक्षण के लिए प्रयास करने का आव्हान किया गया। साथ ही आवश्यकतानुसार ही जल का प्रयोग करने की बात कही गई। उनके द्वारा म.प्र. अपराध पीडित प्रतिकर योजना 2015, लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। न्यायाधीश कु. अकांक्षा कुमार उचाड़िया द्वारा विश्व जल दिवस के आयोजन की पृष्ठभूमि बताते हुये जल के संरक्षण तथा रिसाइक्लिंग पर जोर देते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझने की बात कही गई।

जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना की जानकारी दी गई। तहसील न्यायालय से सर्वोच्च न्यायालय तक निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के बारे में विस्तार से बताया गया। जल प्रदूषण तथा जल की बर्बादी पर रोक लगाने तथा सभी को इस विषय में जागरूक होने की बात कही गई। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणजनों की समस्याओं को भी सुना गया तथा यथोचित परामर्श दिया गया। शिविरों में समर्थन एवं सीपा संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष जैन, कार्यक्रम प्रबंधक ऋषिराज पुरोहित एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## स्विस ओपन बैडमिंटन

# सिंधु, सेन बाहर; श्रीकांत और राजावत क्वार्टर फाइनल में

**मियामी, एजेंसी**

शीर्ष भारतीय शटलर किदांबी श्रीकांत, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज ने गुरुवार देर रात अपने-अपने पुरुष एकल राउंड 16 मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्विस ओपन में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु की दौड़ में एक जापानी किशोर द्वारा कम कर दिया गया, जबकि शीर्ष भारतीय पुरुष शटलर लक्ष्य सेन सुपर 300 टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल में चीनी-ताइपे के ली चिया-हाओ से हार गए। भारतीय शीर्ष शटलर किदांबी स्टार्क, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज ने गुरुवार देर रात अपने-अपने पुरुष एकल राउंड 16 मैच के राउंड क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सिंधु, हाल ही में संपन्न ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर में हारकर जापान की 17 वर्षीय जूनियर विश्व चैंपियन तोमोका मियाज़ाकी से 21-16, 19-21, 16-21 से हार गईं, जबकि सेन को ली चिया-हाओ ने बाहर कर दिया। राउंड-ऑफ-16 प्रतियोगिता में केवल 38 मिनट में 17-21 15-21।



### श्रीकांत मलेशिया के ली जी जिया को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

श्रीकांत ने शीर्ष वरीय मलेशिया के ली ज़ी जिया को 21-61, 21-15 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की, जबकि राजावत ने चीन के लेई ला शी को 21-14, 21-13 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की करने के लिए जॉर्ज को 71 मिनट की कठिन प्रतियोगिता में 18-21, 22-20, 21-18 से हराने से पहले फ्रांसीसी शटलर एलेक्स लानियर के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा।

### रुई हिरोकामी और युना काटो से 17-21, 16-21 से हारी

पीवी सिंधु, जो लंबी चोट के बाद फॉर्म में लौटती दिख रही हैं, ने 16वें राउंड में हारने से पहले अपने किशोर प्रतिद्वंद्वी को कड़ी टक्कर दी, जबकि जापानी शटलर ने दो बार के ओलंपिक पदक विजेता के खिलाफ अपनी युवा ऊर्जा का इस्तेमाल करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। मियाज़ाकी, जिन्होंने 2022 विश्व जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था, और पिछले हफ्ते फ्रांस में ऑरलियन्स मास्टर्स में अपना पहला सुपर 300 का ताज जीतने के बाद टूर्नामेंट में आई हैं, पहला गेम 16-21 से हार गईं, लेकिन उन्होंने अच्छी वापसी की। 80 मिनट में जीतने से पहले टाई को निर्णायक तक ले जाएं। मियाज़ाकी ने सिंधु को पीछे रखने के लिए ऊंचे टॉस मारना जारी रखा। भारतीय को बहुत सारे ओवर-द-हेड रिटर्न खेलने पड़े और जैसे-जैसे रैलियां बढ़ती गईं, गलतियां होती गईं। अंत में, जापानियों के पास छह मैच प्वाइंट थे। सिंधु ने नेट में स्प्रे करने से पहले दो बचाए। इससे पहले ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने हमवतन प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा पर सीधे गेम में जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने विश्व रैंकिंग में 75वें स्थान पर रहीं हमवतन प्रिया और श्रुति को 36 मिनट में 21-10, 21-12 से हरा दिया। विश्व नं. ओलंपिक गेम्स क्वालीफिकेशन रैंकिंग में संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर चल रही 26 ट्रिसा और गायत्री का अगले दौर में ऑस्ट्रेलिया की सेत्याना मापासा और एंजेला यू से मुकाबला होगा। दुनिया की 20वें नंबर की तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा, जो पेरिस क्वालीफिकेशन रेस में ट्रीसा और गायत्री से 6,296 अंक आगे 12वें स्थान पर हैं, जापान की दुनिया की 30वें नंबर की रुई हिरोकामी और युना काटो से 17-21, 16-21 से हार गईं।

## आईपीएल: चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले ही मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हराया

# विराट कोहली टी20 में 12 हजार रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बने

**चेन्नई, एजेंसी**

विराट ने चेन्नई के खिलाफ छह रन बनाते ही टी20 क्रिकेट में 12 हजार पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले भारत के पहले और दुनिया के छठे बल्लेबाज बने। आईपीएल 2024 का पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियंस चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेपॉक में खेला गया। इस मैच में आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इस मुकाबले में छह रन बनाते ही विराट ने इतिहास रच दिया। वह टी20 क्रिकेट में 12 हजार रन पूरे करने वाले भारत के पहले बल्लेबाजी बन गए। वहीं, सबसे तेज 12 हजार पूरे करने के मामले में वह दूसरे स्थान पर रहे। वह क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए।विराट ने चेन्नई के खिलाफ छह रन बनाते ही टी20 क्रिकेट में 12 हजार पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले भारत के पहले और दुनिया के छठे बल्लेबाज बने। उनसे पहले गेल, पाकिस्तान के शोएब मलिक, वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड, इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स, ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ऐसा कर चुके हैं। वहीं, विराट ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए दूसरी सबसे कम पारियां ली हैं। उन्होंने 360 पारियों में ऐसा किया है। वहीं, गेल इस मामले में नंबर एक हैं। गेल ने 345 पारियों में ही टी20 क्रिकेट में 12 हजार रन पूरे कर लिए थे।



### ज्यादा रन बनाने वालों में विराट शीर्ष पर हैं

मैच में 15 रन बनाते ही विराट ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हजार रन भी पूरे कर लिए। वह इन दो टीमों के बीच सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में विराट शीर्ष पर हैं। आईपीएल में किसी एक टीम के खिलाफ हजार से ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट छठे नंबर पर हैं। वॉर्नर ने पंजाब और कोलकाता के खिलाफ हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। वहीं, शिखर धवन ने चेन्नई और रोहित ने कोलकाता के खिलाफ हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। चेन्नई से पहले विराट दिल्ली के खिलाफ हजार से ज्यादा रन बना चुके हैं। हालांकि, अच्छी शुरुआत के बाद बेंगलुरु की टीम इस मैच में लड़खड़ा गई। विराट 20 गेंद में एक छक्के की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए। एक वक्त बेंगलुरु का स्कोर बिना किसी विकेट के 41 रन था और फिर 78 रन तक आते-आते टीम ने पांच विकेट गंवा दिए। विराट को मुस्तफिजुर रहमान ने कैच आउट कराया। रहाणे ने रचिन रवींद्र के साथ मिलकर बेहतरीन कैच लपका।

### आरसीबी के कप्तान बोले- हमने 6-7 ओवरों में ज्यादा विकेट गंवा दी थीं...

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला गया. आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लेकर 173 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरे सीएसके के लगभग सभी खिलाड़ियों को अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन उनमें से कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल पाया. अंत में शिवम और रवींद्र की साझेदारी ने चेन्नई को 6 विकेट से जीत दिलाई है. हार के बाद कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा, चेन्नई मिडिल ओवरों में अच्छा खेलती है और स्पिन गेंदबाजी से दबाव बनाती है. दुर्भाग्यवश हमने पहले 6-7 ओवरों में ज्यादा विकेट गंवा दी थीं, जिसका मतलब अगले बल्लेबाजों को पारी में स्थिरता लाने की जरूरत पड़ी. पिच काफी अच्छी थी, लेकिन मेरे अनुसार हमने 15-20 रन कम बनाए. हम लगातार मैच में आगे रहने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन चेन्नई की बल्लेबाजी रणनीति ऐसी थी कि वो मैच में आगे बने रहना चाहते थे. हमने शॉर्ट गेंदों से भी विकेट लेने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए. हम मिडिल ओवरों में फेल हुए, लेकिन रन कम रह गए। शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा की साझेदारी के कारण हारी आरसीबी का रन रेट शुरुआत से ही शानदार था, लेकिन टीम 110 रन पर 4 विकेट गंवा चुकी थी।

### आज पंजाब के शेरों से होगा दिल्ली के दिलेरों का मुकाबला

शनिवार को जब आमने-सामने होंगे तो सभी की नजरें पंत पर ही टिकीं होंगी. पिछला सीजन दोनों ही टीमों के लिए खराब गया था. लेकिन इस नए सीजन की शुरुआत दोनों टीमें अच्छी तरह करना चाहेंगी. दिसंबर 2022 में भयानक कार दुर्घटना में बाल-बाल बचे पंत ने क्रिकेट के लिए अपने जुनून के दम पर समय से पहले रिकवरी कर ली है. उन्हें बतौर बल्लेबाज विकेटकीपर खेलने की अनुमति मिल गई है और वह कप्तानी का दारोमदार भी संभालेंगे. उन्होंने डेविड वॉर्नर से कमान संभाली है जिनकी कप्तानी में दिल्ली पिछले साल 10 टीमों में नौवे स्थान पर रही थी. दिल्ली के कोच रिकी पोंटिंग ने मैच से पूर्व कहा, 'पंत ने इस बार आईपीएल से पहले जितना बल्लेबाजी अभ्यास किया है, उतना शायद कभी नहीं किया होगा. वह अपने शरीर को फिर पहले सी लय में देखना चाहता है.' पंत ने कड़ी मेहनत, जुझारूपन और हिम्मत के साथ रिकवरी को दिए हैं. उनके लौटने से दिल्ली टीम में एक नयी उमंग का संचार हुआ है. अभी यह तय नहीं है कि वह पहले ही मैच से विकेटकीपिंग करेंगे या नहीं. अगर नहीं करते हैं तो वेस्टइंडीज के शाइ होप या दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स यह जिम्मेदारी संभाल सकते हैं. टेस्ट कि केट को अलविदा कह चुके वॉर्नर अच्छा प्रदर्शन करके टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाना चाहेंगे।

## डब्ल्यूटीटी खिताब जीतने वाले पहले भारतीय

# टेबल टेनिस: साथियान ने हमवतन मानव को हराया



**बेरूत, दोपहर मेट्रो**

भारतीय खिलाड़ी साथियान ज्ञानसेकरन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज इवेंट में पुरुष एकल का खिताब जीत लिया। वह यहां चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय हैं। उन्होंने फाइनल में हमवतन मानव ठक्कर को 6-11, 11-7, 11-7, 11-4 से हराया। यह पहला मौका था, जब दो भारतीय खिलड़ियों ने डब्ल्यूटीटी फीडर इवेंट में पुरुष एकल फाइनल के लिए प्रतिस्पर्धा की। डब्ल्यूटीटी इवेंट में साथियान का यह पहला एकल खिताब है। यही नहीं, उन्होंने आइटीटीएफ चेक इंटरनेशनल ओपन 2021 के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग इवेंट में पहला खिताब हासिल किया है।

### मानव ठक्कर को तीन फाइनल में मिली शिकस्त

मानव ठक्कर के लिए दिन काफी निराशाजनक रहा। उन्होंने टूर्नामेंट के पुरुष एकल, पुरुष युगल और मिश्रित युगल के फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन तीनों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस तरह उनका खिताब जीतने का सपना टूट गया।

## फुटबॉल: भारत 3 मैचों में 4 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचा

**नईदिल्ली, दोपहर मेट्रो**

भारतीय सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमैक फीफा विश्व कप के लिए एशियाई क्वालीफायर के ग्रु-ए मैच में अफगानिस्तान के साथ गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद निराश नहीं हैं। इस परिणाम के साथ, भारत तीन मैचों में चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया। स्टिमैक ने कहा, मैच दिलचस्प था। मैं परिणाम से निराश नहीं हूं क्योंकि हमने तीन, चार बहुत अच्छे मौके बनाए। हम स्कोर नहीं कर सके। हमें सिर्फ मौके भुनाने की जरूरत है।



## मेट्रो बाजार

## सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार, गोल्ड रिजर्व 42.5 करोड़ डॉलर बढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी किए गए हैं। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार चौथे सप्ताह धनवर्षा हुई है। 15 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.49 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। यह अब तक का सबसे उच्च स्तर है। सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा कोष में 6.396 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि एक सप्ताह पहले भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर बढ़कर 636.095 अरब डॉलर हो गया था। कुल मिलाकर देखें तो बीते दो हफ्तों में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में करीब 16.86 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में फॉरेन करेंसी एसेट्स यानी विदेशी मुद्रा आस्तियां भी 6.034 अरब डॉलर बढ़कर 568.386 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। फॉरेन करेंसी एसेट्स को विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माना जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी भी दी कि 15 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के गोल्ड रिजर्व की कीमत 42.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 51.14 अरब डॉलर हो गई है।

## 28 मार्च तक शुरू होगा सेटलमेंट, शेयर बेचने पर एक दिन में अकाउंट में पैसा आएगा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया 28 मार्च तक ऑप्शनल बेसिस पर टी+0 सेटलमेंट सिस्टम शुरू कर देगा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के कार्यक्रम में जानकारी दी। चेयरमेन ने कहा कि हमें (स्मॉल एंड मीडियम-साइज एंटरप्राइजेज) सेगमेंट में हेरफेर के संकेत दिखे हैं। हम कार्रवाई करने के लिए मजबूत सबूत और फीडबैक पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सेबी कुछ आईपीओ के मामले में भी कीमतों में हेराफेरी और ट्रेडिंग लेवल की भी निगरानी कर रही है। वर्तमान में भारतीय शेयर मार्केट सभी शेयरों के लिए टी+1 सेटलमेंट साइकल पर काम करता है। टी+0 का मतलब शेयर की खरीदारी और बिक्री का सेटलमेंट एक ही दिन में होगा। तीन महीने पहले मार्केट रेगुलेटर ने इसके लिए कंसल्टेशन पेपर इश्यू किए थे और 12 जनवरी तक इसपर लोगों से राय मांगी थी। सेबी ने टी+0 सेटलमेंट को दो फेज में लागू करने का प्रस्ताव दिया था। टी+0 सेटलमेंट के पहले फेज में सेम-डे सेटलमेंट लागू किया जाएगा, जिसके बाद खरीदार को उसी दिन शेयर अलॉटमेंट और बेचने वालों को उसी दिन फंड मिल जाएगा। सभी लेनदेन के लिए एक ऑप्शनल इमीडिएट ट्रेड-बाय-ट्रेड सेटलमेंट की सुविधा दी जाएगी। हम अगले साल मार्च तक ट्रेड सेटलमेंट के समय को कम करके 1 घंटे करने और फिर अक्टूबर 2024 तक तुरंत ट्रेड सेटलमेंट लागू करने की तैयारी कर रहे हैं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## होली पर शाहरुख खान ने फैंस को दिया तोहफा




इन दिनों 'रेट्रो फिल्म फेस्टिवल' मानाया जा रहा है जिसमें कुछ फिल्मों को फिर से रिलीज किया गया है. उन फिल्मों में 90 की एक्शन-थ्रिलर और संस्पेंस से भरपूर फिल्म बाजीगर भी शामिल है जिसे फिर से थिएटर्स में रिलीज किया गया है. 'बाजीगर' शाहरुख खान के करियर की बेहतरीन फिल्मों में एक है जिसमें उन्होंने विलेन बनकर फैंस का दिल जीता था. फिल्म बाजीगर अगर आपको पसंद है और आप इसे थिएटर में फिर से देखना चाहते हैं तो ये खबर आपके लिए ही है. शाहरुख खान और काजोल की सुपरहिट फिल्मों में एक बाजीगर को थिएटर्स में देखना शानदार अनुभव होगा.

### एक बार फिर थिएटर्स में 'बाजीगर'

शाहरुख खान ने फिल्म बाजीगर का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, फ्लैशबैक का जादू सिल्वल स्क्रन पर फिर से देखने के लिए तैयार हो जाएं. आपका इनवाइट कर रहा हूं उस मोमेंट को जीने के लिए जो रेट्रो फिल्म फेस्टिवल विद आइकॉनिक बॉलीवुड क्लासिक बाजीगर देखकर होगा. आपके नजदीकी सिनेमाघरों में बाजीगर. अब्बास-मस्तान के निर्देशन में बनी फिल्म बाजीगर 1993 में आई थी. इस फिल्म से शिल्पा शेट्टी ने डेब्यू किया था, वहीं लीड रोल में शाहरुख खान और काजोल जैसे कलाकार नजर आए थे. फिल्म एक्शन, थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर थी. इसमें शाहरुख खान का विलेन अवतार देखने को मिला लेकिन उन्हें इस रोल में काफी पसंद किया गया. रिपोर्ट्स के मुताबिक, मात्र 4 करोड़ में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 32 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था. फिल्म में शाहरुख बेशक विलेन बने थे लेकिन काजोल के साथ उनका रोमांटिक अवतार देखने को मिलेगा.

## कार्तिक की झोली में एक मेगा बजट फिल्म, अब साजिद -विशाल के साथ करेंगे एक्शन



कार्तिक आर्यन फिलहाल 'भूल भुलैया 2' के सीक्वल की शूटिंग कर रहे हैं, जिसे अनीस बज्मी निर्देशित कर रहे हैं। 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग के बाद कार्तिक साजिद नाडियाडवाला कार्तिक और विशाल भारद्वाज के की इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। कार्तिक आर्यन इंडस्ट्री के टॉप एक्टर्स में से एक है। अपने करियर ने कार्तिक ने कई शानदार फिल्में दी और आने वाले दिनों में भी कार्तिक कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। कार्तिक ने एक्शन, कॉमेडी, रोमांस, थ्रिलर समेत लगभग हर शैली के फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन किया। इस बीच 'भूल भुलैया 2' की सफलता ने कार्तिक की झोली कई फिल्में डाल दी, जिसमें अब एक और फिल्म का नाम जुड़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स मुताबिक कार्तिक एक बार फिर एक्शन करते नजर आने वाले है। चर्चा है कि कार्तिक साजिद नाडियाडवाला की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो साजिद नाडियाडवाला कार्तिक के साथ एक मेगा बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म की योजना बना रहे हैं, जिसे विशाल भारद्वाज निर्देशित करेंगे, फिलहाल फिल्म की कहानी पर काम हो रहा है। चर्चा ये भी है कि यह फिल्म विशाल भारद्वाज की महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है, जिसकी शूटिंग इसी साल शुरू होने वाली है। चर्चा है कि मेकर्स फिल्म को साल 2025 में रिलीज करने की योजना बना रहा है। फिल्म में एक्शन थ्रिलर के साथ-साथ दर्शकों को कॉमेडी और ड्रामा भी देखने को मिलेगा। फिलहाल कार्तिक 'भूल भुलैया 2' के सीक्वल की शूटिंग कर रहे हैं, जिसे अनीस बज्मी निर्देशित कर रहे हैं। जल्द फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं।



## वीर-जारा करने के बाद 'जोंबी' बन गई थी एक्ट्रेस प्रीती जिंटा

प्रीति जिंटा ने 20 सालों बाद 'वीर-जारा' मूवी को लेकर अपना अनुभव शेयर किया है। साल 2004 में आई शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की मूवी वीर-जारा के दौरान वो 'जोंबी' जैसा महसूस करने लगी थी। एक्ट्रेस ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें प्रीति जिंटा और शाहरुख खान को डांस रिहर्सल करते देखा जा सकता है। रिहर्सल के दौरान बैकग्राउंड में 'तेरे लिए' गाना बजते हुए सुना जा सकता है। कैप्शन में प्रीति जिंटा ने लिखा, हम एक अवार्ड शो के लिए रिहर्सल कर रहे थे। मुझे याद है कि मुझे दो दिनों तक नींद नहीं आई थी और मैं एक जोंबी की तरह महसूस कर रही थी। मगर शाहरुख ने अपनी सहजता और चुटकुलों से दिन और रिहर्सल को शानदार बना दिया। इसके बाद प्रीति ने एक डांस स्टेप के बारे में बात की, जिसके बारे में उन्होंने बताया कि यह 1998 की फिल्म 'दिल से...' के गाने 'जिया जले' से लिया गया था। यश चोपड़ा की 'वीर जारा' एक भारतीय पायलट के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे एक पाकिस्तानी लड़की से प्यार हो जाता है। फिल्म में रानी मुखर्जी ने भी अभिनय किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आठ साल के बच्चे को कुत्ते ने काटा, मालकिन पर मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित आईबीडी हालमार्क सिटी में कल शाम एक पालतू कुत्ते ने आठ साल के बच्चे को काट लिया। पुलिस ने बच्चे की मां की शिकायत पर कुत्ते के घुमा रही मालकिन पर मामला दर्ज किया है।



फाइल फोटो

पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार पूजा बाखले पति ओम प्रकाश बाखले (29) आईबीडी हालमार्क सिटी, कोलार रोड पर रहती हैं और गृहणी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि कल शाम उनका 8 साल के बेटा सार्थक घर के बाहर खेल रहा था। कुछ दूरी पर अरुण भदौरिया की पत्नी अपना पालतू कुत्ता घुमा रही थी। पालतू कुत्ते ने सार्थक को देखा और उस पर झूम गया। इस दौरान कुत्ते ने उसे काट लिया। पूजा ने अरुण की पत्नी को कुत्ता घर में बांधकर रखने की सलाह दी तो दोनों में कहासुनी बढ़ गई। कहासुनी के बाद पूजा बाखले ने पति को घटना की जानकारी दी और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### एम्स परिसर में मिली बुजुर्ग महिला की लाश

**भोपाल।** राजधानी के एम्स अस्पताल परिसर में शुक्रवार शाम एक बुजुर्ग महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। पर्चे में मिले नाम के आधार पर उनकी पहचान घुटनबाई (60) के रूप में कर ली गई। हालांकि वह कहां से आई थी और कहां की रहने वाली है इसका अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस बुजुर्ग के परिजन से संपर्ककरने का प्रयास कर ही है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम करीब छह बजे के आसपास सूचना मिली थी कि एम्स परिजन में एक बुजुर्ग महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दी। मृतिका की तलाशी लेने पर एक पर्ची मिली थी। पर्ची में मृतिका का नाम घुटनबाई (60) लिखा हुआ है।

### सटोरी युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे, नकदी और पर्ची बरामद

**भोपाल।** बजरिया पुलिस ने सट्टा बुक कर रहे एक सटोरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक इलाका भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि स्टेशन रोड पर एक व्यक्ति सट्टा बुक कर रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम राजकुमार भिलवारे (36) निवासी ऐशबाग बताया। तलाशी लेने पर उसके पास सट्टे की अंक लिखी हुई पर्चियां, एक मोबाइल फोन और 2210 रुपए नकदी बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जमानत पर रिहा कर दिया।

# लोकसभा चुनाव से पहले राजधानी में पुलिस की कांबिंग गश्त

**पुलिस कमिश्नर ने कार्यालय मैदान पर अधिकारियों और कर्मचारियों को किया ब्रीफ, एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी ने की धरपकड़**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**





लोकसभा चुनाव से पूर्व राजधानी पुलिस ने शुक्रवार शनिवार की दरमियानी रात कांबिंग गश्त की। इस दौरान पुराने बदमाशों के घर पहुंचकर उनसे पूछताछ की गई और बांड ओवर की कार्रवाई की गई। इसके अलावा ऐसे बदमाश जिन पर पूर्व में अपराध दर्ज हैं और वह फरार थे उनकी गिरफ्तारी की गई। पुलिस ने गश्त में कुल कितने वारंट तामिली की इसके आकड़े अभी जारी नहीं किए गए है। पुलिस का कहना है कि रात 11 बजे से सुबह छह बजे तक चली कांबिंग गश्त के कारण थाने से गिरफ्तारी का आकड़ा नहीं पहुंचा है। शाम तक गिरफ्तार आरोपियों का आकड़ा पहुंचने की उम्मीद है।

जानकारी के अनुसार कल रात करीब दस बजे के आसपास पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा द्वारा आलाधिकारियों और थाना प्रभारियों को कमिश्नर कार्यालय बुलाया?था। इस दौरान कार्यालय के बाहर सभी को ब्रीफ किया। हरिनारायणचारी मिश्र ने कहा कि कांबिंग गश्त में आपस में समन्वय बनाकर कार्रवाई करें। बदमाशों की धरपकड़ के लिए सावधानी बरतें जाए। ऐसे बदमाश जिनकी तबीयत खराब हैं और जो अधिक शराब के नशे में हैं। उन्हें थाने न लाए। थाने में लाए गए बदमाशों की पर निगरानी रखने जिम्मेदार पुलिसकर्मी या अधिकारी की तैनाती की जाए। पुलिस कमिश्नर की ब्रीफ के बाद सभी?थानों के थाना प्रभारी अपने अपने इलाके में सक्रिय हो गए और रात करीब 11 बजे से सुबह छह बजे तक धरपकड़ कार्रवाई की गई।

## राजधानी में महिलाओं से छेड़छाड़ की कई वारदातें

# बाथरूम का पर्दा हटाकर महिला से छेड़छाड़

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**छोला मंदिर पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ छेड़छाड़ की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी काफी दिनों से महिला पर बुरी नजर रखे था। गुरुवार को उसने नहाते समय बाथरूम का पर्दा हटाया तो पीड़िता ने थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज करवा दी।**

पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 22 साल महिला अपने मायके में रह रही है। उसी मोहल्ले में किराए से रहने वाला सतीश नामक युवक काफी दिनों से महिला पर बुरी नजर रखे हुए था। वह आते-जाते महिला को बैड टच करता था। पीड़िता और उसके परिजनों ने कई बार उसे समझाईश दी, लेकिन सतीश की हरकतें बंद नहीं हुई। गुरुवार को महिला अपने बाथरूम में नहा रही थी, तभी वहां से निकल रहे सतीश ने बाथरूम का पर्दा हटा दिया। परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने जाकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।



फाइल फोटो

### रास्ता रोककर युवती को छेड़ा

इधर पिपलानी पुलिस ने बताया कि 26 साल की युवती घरेलू काम करती है। बुधवार रात करीब ग्यारह बजे वह अपनी सहेली को अस्पताल भेजने के लिए एम्बुलेंस में बिठाकर पड़ोसी के साथ घर लौट रही थी। रास्ते में रिंकू नामक युवक मिला और पड़ोसी को बोला कि उसे नीचे उतार दे। युवती बाइक से नीचे उतरी तो रिंकू ने बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने लगा। पड़ोसी ने बीच-बचाव किया तो वह धमकी देते हुए भाग निकला। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि रिंकू काफी दिनों से उसका पीछा कर परेशान कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवती से छेड़छाड़, मारपीट

रातीबड़ पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाली 20 साल की युवती पढ़ाई करती है। मोहल्ले में रहने वाला नाजिम नामक युवक उसे कोफी दिनों से परेशान कर रहा था। करीब तीन महीने पहले युवती ने उसके खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई थी। पिछले कुछ दिनों से वह दोबारा से युवती पर बातचीत करने के लिए दबाव डाल रहा था। बुधवार की शाम करीब सात बजे युवती घर पर अकेली थी, तभी नाजिम पहुंच गया और बात करने के लिए दबाव डालने लगा। युवती ने जब इसका विरोध किया तो उसने मारपीट कर दी। पीड़िता के शोर मचाने पर परिवार वाले पहुंचे तो आरोपी मौके से भाग निकला।

## फांसी लगाने वाली नाबालिग से हुआ था दुष्कर्म

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में गत वर्ष 13 सितंबर को पंद्रह साल की नाबालिग ने फांसी लगा ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने नाबालिग का वेजाइनल स्लाइड बनवाकर जांच के लिए भेजी थी।



**एफएसएल से रिपोर्ट मिलने के बाद अज्ञात पर बलात्कार का मामला दर्ज**

एफएसएल में हुई जांच में यह बात सामने आई कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ था। एफएसएल की रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस दुष्कर्म करने वाले आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार पंद्रह साल की नाबालिग इलाके में रहती थी। गत 13 सितंबर 2023 में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला था। पुलिस ने पीएम कराने के बाद बिसरा प्रिजर्व किया और वैजाइनल स्लाइड बनवाकर एफएसएल भेज दी। एफएसएल ने जांच की तो पता चला कि आत्महत्या से पहले नाबालिग से शारीरिक संबंध बनाए गए थे। अब पुलिस परिजन और मृतिका के सहेलियों से पूछताछ करेगी।

# काम दिलाने के बहाने नाबालिग से दुष्कर्म, महिला साथी सहित आरोपी को 20 साल की सजा

**दोनों आरोपियों पर न्यायालय ने दो-दो हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) तृप्ती पाण्डेय की अदालत ने काम के बहाने नाबालिग बच्ची को साथ ले जाने और फिर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी व उसकी महिला साथी को 20 साल की जेल और दो-दो हजार रुपए का जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायालय ने प्रकरण में आरोपी दिलीप उर्फ जितेन्द्र और मंजू राव को दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई है। शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक टी.पी. गौतम, रागिनी श्रीवास्तव एवं सरला कहार द्वारा की गई है।



### आखों में जलन हुई और दिखना बंद हो गया, शोर मचाया तो भागे आरोपी

लोक अभियोजक के अनुसार, घटना 30 अक्टूबर 2019 की है। पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह भोपाल मे किराए के मकान मे रहती है। वह करीब 11 बजे काम की तलाश के लिए ललिता नगर गई थी। तभी वहां पर मंजू नाम की महिला मिली। मंजू के पूछने पर उसे बताया कि काम की तलाश के लिए आई हूं। जिस पर मंजू ने कहा कि तुम शाम को 6 बजे मिलना। जब शाम को 6 बजे पहुंची तो मंजू और उसका दोस्त दिलीप ने अपने साथ चलने का बोला। वह बीमाकुंज से होते हुए कलियासोत डैम की तरफ ले गए। पीड़िता मोटरसाईकिल में बीच में बैठी थी। पीछे से मंजू ने अपने हाथ पर विक्स बाम लगाकर आखों पर रख दिया जिससे आखों में जलन होने लगी और दिखना बंद हो गया। जिसके बाद दोनो आरोपियों ने गाड़ी से उतार दिया और मंजू ने हाथ पकड़ लिए। जिसके बाद आरोपी दिलीप ने जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता ने जब आरोपी के हाथ पर काटा और शोर मचाया तो आरोपी वहां से भाग गए।

## विश्व जल दिवस नाटिका कूल होली

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल के फॉरेंसिक साइंस विभाग की परख सोसायटी द्वारा आज विश्व जल दिवस के अवसर पर कूल होली नामक नाटिका का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा नाटिका के माध्यम से होली में पानी के महत्व एवं जल संरक्षण पर नाटिका प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल, विभाग अध्यक्ष डॉ अंजलि आचार्य एवं विभाग के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रयास की संचालक द्वारा सराहना की गई। संचालक द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत प्राचीन काल से होली के महत्व को रेखांकित किया।




**मेट्रो एंकर** वारदात के समय गृह स्वामी तीर्थ दर्शन के लिए शहर से बाहर गए हुए हैं

# सूने मकान का ताला तोड़कर अपाचे बाइक और लैपटाप समेत लाखों का सामान चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बजरिया स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोर अपाचे बाइक और लैपटाप समेत लाखों रुपये का घरेलू सामान चोरी कर ले गए। वारदात के समय गृहस्वामी तीर्थ दर्शन के लिए शहर से बाहर गए हुए हैं। पुलिस ने उनके दोस्त की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक बजरिया में रहने वाले गौरव मालवीय फर्नीचर की दुकान चलाते हैं। उनके दोस्त भावेश गायकवाड़ जामुन वाली गली, सेमरा घाटी बजरिया में रहते हैं। बीती 19 मार्च की शाम करीब सात बजे भावेश अपने मकान पर ताला लगाकर खाटू श्याम के दर्शन के लिए निकल गए थे। गुरुवार सुबह करीब दस बजे भावेश की चाची उनके घर पहुंची तो ताला खुला मिला और अंदर पूरा सामान बिखरा पड़ा था। चाची ने इसकी जानकारी भावेश को फोन पर दी, जिसके बाद भावेश ने गौरव को घर जाकर देखने का बोला। गौरव अपने दोस्तों और भावेश की चाची के साथ घर के अंदर पहुंचे और सामान चैक किया तो अंदर रखी अपाचे मोटर सायकिल, एचपी कंपनी का लैपटाप, इंडेन कंपनी का गैस सिलेण्डर, एक फाइल जिसमें भावेश की 10वी, 12वीं, एमबीए एवं बीएससी की मार्कशीट, जाति प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, अलग-अलग बैकों की चैकबुक, ड्रायविंग लायसेंस, आधार कार्ड, बाइक की आरसी बुक समेत लाखों रुपये कीमत का सामान गायब था। बदमाशों ने किसी मास्टर चाबी का उपयोग कर ताला खोलकर उक्त सामान चोरी किया था। भावेश के कहने पर गौरव ने बजरिया थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022